सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

गणपती बाप्पा मोरया

रांची, मंगलवार 19.09.2023 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 69

* नगर संस्करण । पेज : 12

## न्यूज डायरी

### लोकपाल मामले में गुरुजी को राहत, 29 को सुनवाई

**रांची/दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले सुनवाई हुई। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत में शिबू सोरेन की याचिका पर अब 29 सितंबर को सुनवाई होगी। सोमवार को यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था लेकिन समय के अभाव के कारण सुनवाई नहीं हो पायी। शिबू सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल पक्ष रख रहे हैं। वहीं लोकपाल की ओर से सॉलिसिटर जेनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता पक्ष रख रहे हैं। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई की प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है।

### विशेष सत्र में नजर आये मनमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** संसद का विशेष सत्र में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी नजर आये। पूर्व पीएम राज्यसभा में सांसद हैं। उनका कार्यकाल 2024 तक है। मनमोहन सिंह व्हील चेयर पर आये। दरअसल, 90 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इसके बावजूद वह संसद के विशेष सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे। कमजोर से दिख रहे 90 वर्षीय सिंह ठीक एक घंटे तक चुपचाप बैठे रहे।

### रामगढ़ में दर्दनाक सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना के चितरपुर बाजार में एक सड़क हादसे एक बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। एक ट्रेलर ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे यह हादसा हुआ। बाइक पर एक दंपती के साथ ही उनके नन्हें बेटा-बेटी भी सवार थे। हादसे में उनका बेटा सुरक्षित बच गया है। गोला की ओर से दंपती अपने दोनों बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर जा रामगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रेलर की चपेट में आ गये। बाइक सवार लइयो निवासी प्रवीण रविदास, पत्नी और एक बेटी मुन्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

### हेमंत ने मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

**रांची।** पीएम मोदी रविवार का 73वां जन्मदिन था। कई नेताओं ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर बधाई दी है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार।

### वीरेंद्र राम की भी याचिका खारिज

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को मनी लॉउन्ड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम को जमानत देने से इनकार किया है। 16 सितंबर को जमानत अर्जी पर दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। वीरेंद्र राम ने जमानत की गुहार लगाते हुए 10 अगस्त को अर्जी दाखिल की थी। दोनों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

### आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : बन्ना गुप्ता

**जमशेदपुर।** कदमा एलाइड दुर्गा पूजा समिति, एन वन टाइप में मां दुर्गा की पूजा की बेदी तोड़ने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया हैं। इसकी सूचना मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचे। गुप्ता ने इस दौरान कंपनी के अधिकारियों को फटकार लगाया।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## मोदी बोले, ऐतिहासिक भवन से विदाई भावुक पल, पर गौरवगान का अवसर

# यह धरोहर पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद का विशेष सत्र 2023 सोमवार से शुरू हो गया है। इस मौके लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा आज का दिन बड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी लोग ऐतिहासिक भवन से विदा ले रहे हैं। आज इस ऐतिहासिक धरोहर के गौरवगान का अवसर है। आजादी से पहले यह भवन काउंसिल की जगह हुआ करती थी, आजादी के बाद इसे संसद के रूप में नयी पहचान मिली। हम सब इस एतिहासिक भवन से विदा ले रहे हैं। यह भावुक पल है। हम भले नये भवन में जायेंगे लेकिन पुराना भवन भी आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस 75 वर्ष की हमारी यात्रा ने अनेक लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रक्रियाओं का उत्तम से उत्तम सृजन किया है। इस सदन में रहे प्रत्येक व्यक्ति ने सक्रियता से योगदान भी दिया है। नये सदन में प्रवेश करने से पहले पुराने संसद के स्वर्णिम पलों का याद करना चाहिए। आजाद भारत से जुड़ी हुई अनेक घटनाएं बीते 75 साल में इसी सदन में हुई।

(शेष पेज 11 पर)



### नये भवन में विशेष सत्र आज से , संविधान की कॉपी लेकर प्रवेश करेंगे प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। संसद का दोनों सत्र मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। अब मंगलवार को 11 बजे संसद के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, पीएम मोदी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला इस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके बाद संसद का कामकाज पुराने संसद भवन से नये संसद भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा। पीएम मोदी पुरानी संसद से नयी संसद तक पैदल चलकर जायेंगे। वह अपने हाथ में संविधान की प्रति भी लेकर जायेंगे। 2020 में पीएम मोदी ने ही नई संसद के निर्माण की नींव रखी थी।

### कई इतिहास बने इस भवन में

पीएम ने कहा कि वन नेशन वन टैक्स का फैसला इसी सदन ने किया। गरीबों के लिए 10 फीसदी आरक्षण देने का फैसला इसी सदन में हुआ। यही सदन है जहां एक वोट से अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार गिर गयी थी। यह सदन इस बात का साक्षी रहेगा कि मतदान की आयु 21 से 18 वर्ष करने का निर्णय लिया था। अटलजी के शासनकाल में तीन नये राज्य उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ बनने पर हर तरफ उत्सव का माहौल था। आज जब हम इस सदन को छोड़ रहे हैं तो मैं उन पत्रकारों को भी नमन करता हूं, जिन्होंने यहां की पल-पल की जानकारी देश को उपलब्ध करायी। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार संसद पहुंचा तो सिर झुकाकर इसको प्रणाम किया। उन्होंने कोरोना काल का भी जिक्र किया और कहा मामारी में भी हमने देश को कभी भी रुकने नहीं दिया। सेंट्रल हाल के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि पुराने सदस्य सदन के सेंट्रल हॉल में जरूर आते है।

## नये सदन में नये उत्साह उमंग, संकल्प के साथ आयें



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोमवार को सभी सांसदों का आह्वान किया कि वे इस सत्र में संसद के नये भवन में नयी उमंग, नये उत्साह से नये संकल्पों को पूरा करने के लिए नये विश्वास से आयें और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जुटें। वह संसद के विशेष सत्र के पहले संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कि इस समय सारे देश में उमंग का माहौल और एक नया आत्मविश्वास हम सभी महसूस कर रहे हैं। उसी समय संसद का ये सत्र हो रहा है। ये सत्र छोटा है, लेकिन समय के हिसाब ये बहुत बड़ा है। ऐतिहासिक निर्णयों के ये सत्र है। इस सत्र की एक विशेषता ये है कि 75 साल की यात्रा अब नये मुकाम से शुरू हो रही है। जिस मुकाम पर 75 साल की यात्रा हुई है, वे अत्यंत प्रेरक पल रही है।

**नया भवन विकसित भारत का गवाह बनेगा :** पीएम ने कहा कि देश को विकसित बनाने के जितने भी निर्णय होने वाले हैं, वो सभी इस नये संसद भवन में होंगे। मंगलवार को गणेश चतुर्थी का पर्व है। गणेश जी विघ्नहर्ता देवता माने जाते हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री को दिया हाइकोर्ट जाने का निर्देश

### इडी समन के खिलाफ चुनौती याचिका

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/नयी दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कई ओर से इडी के खिलाफ दी गयी चुनौती याचिका सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मना कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उनसे पहले झारखंड हाई कोर्ट जाने को कहा। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के बाद सीएम के वकील ने याचिका वापस ले ली। हेमंत सोरेन को इडी ने जमीन घोटाले में समन जारी कर पूछताछ के लिए अपने रांची दफ्तर में बुलाया था। सीएम ने याचिका में इडी के समन को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधिवक्ता से कहा कि वो इडी के समन को चुनौती देने के लिए सबसे पहले झारखंड उच्च न्यायालय जायें । अदालत ने उनके वकील को याचिका वापस लेने को कहा, और याचिका को खारिज कर दी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अदालत ने सीएम के अधिवक्ता से पूछा कि आप हाइकोर्ट जाकर कोशिश क्यों नहीं करते। आपको पहले वहां जाना चाहिए। इस पर अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने सहमति जतायी। जिसके बाद कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दी। अनुमति देने के बाद याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के अधिवक्ता का कहना है कि उनके मुवक्किल हाईकोर्ट में अपील करेंगे। मौजूदा याचिका को वापस ले लिया गया है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। दरअसल, लैंड स्कैम मामले में इडी ने सीएम हेमंत सोरेन को 14 अगस्त को पूछताछ के लिए रिजनल ऑफिस बुलाया था।

(शेष पेज 11 पर)

## शादी की खुशियां गम में बदलीं, तीन बहनें नदी में डूबीं

**बरहेट (साहिबगंज)।** शादी के बाद सोमवार को जब बहूभोज कार्यक्रम चल रहा था, इसी दौरान दोपहर तीन बहनों के नदी में डूब जाने से घर में मातम छा गया। तीनों अपने परिजनों को बिना बताये गुमानी नदी में नहाने चली गयीं। गहरे पानी में चले जाने से एक-दूसरे को बचाने के क्रम में तीनों चेचेरी बहनों की मौत हो गयी। तीनों बहनों की गुमानी नदी के खैरवा घाट पर नहाने के दौरान डूबकर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रांगा थाना क्षेत्र के मोदीकोला निवासी मनताशा परवीन (10 वर्ष), तालझारी थाना क्षेत्र के तालझारी निवासी सीमा खातून (11 वर्ष), बरहेट थाना क्षेत्र के खैरवा निवासी समीरन खातून (12 वर्ष) अपने परिजनों के साथ शुक्रवार को खैरवा गांव नीचे टोला निवासी रेहान अंसारी के शादी समारोह में आयी थी। सोमवार को यह हादसा हो गया। शादी समारोह में साहिबगंज आयी एक वृद्धा ने तीनों को गुमानी नदी में डूबते हुए देखा तो शोरगुल मचाया। शोर सुनकर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने तुरंत नदी में बच्चियों को खोजना आरंभ कर दिया। मछुआरों के सहयोग से तीनों बच्चियों के शव को नदी से बाहर निकाला गया।

## महिला आरक्षण बिल को मिली मंजूरी : सूत्र

### मोदी की अध्यक्षता में डेढ़ घंटे चली कैबिनेट की बैठक

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार शाम केंद्रीय कैबिनेट की करीब डेढ़ तक चली बैठक खत्म हो गयी। हालांकि बैठक के फैसलों की जानकारी तो नहीं दी गयी, पर सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट ने महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दे दी है। यह बैठक उस दौरान हुई जब संसद का विशेष सत्र चल रहा था। ऐसे में बैठक संसदीय भवन में हुई। बैठक में और किन बिंदुओं पर चर्चा हुई, इसके बारे में जानकारी सामने आनी बाकी है। कैबिनेट बैठक से पहले पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और अन्य मंत्रियों से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने घोषणा की है कि पांच दिवसीय विशेष सत्र में आठ विधेयकों पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि सत्र के दौरान कुल आठ विधेयकों को विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। रविवार को एक सर्वदलीय बैठक में सदन के नेताओं को सूचित किया गया कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण पर एक विधेयक और एससी/एसटी आदेश से संबंधित तीन विधेयकों को एजेंडे में जोड़ा गया है। पहले सूचीबद्ध विधेयकों में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित विधेयक भी शामिल है। संसद के विशेष सत्र के दौरान ही पीएम मोदी ने मोदी ने 6:30 बजे केंद्रीय कैबिनेट की बैठक बुलायी थी। कैबिनेट बैठक से पहले पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और अन्य मंत्रियों से मुलाकात की।

### आतंकियों व आकाओं को भारी कीमत चुकानी होगी

## अभियान जारी, आतंकी का एक जला शव मिला

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के गडोले वन क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों का सफाया करने के लिए चलाया गया अभियान सोमवार को छठे दिन भी जारी है। अभियान के दौरान नष्ट आतंकी ठिकानों में से एक के समीप ड्रोन की फुटेज में एक जला हुआ शव पड़ा नजर आया। आतंकवादियों के ठिकानों का पता लगाने के सुरक्षा बल ड्रोन का प्रयोग कर रहे हैं और लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के तीन अधिकारियों की शहादत का बदला लेने की कसम खाई है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल घने वन क्षेत्र में ड्रोन और हेलीकॉप्टर के जरिये तलाश कर रहे हैं। वन क्षेत्र में कई गुफानुमा ठिकाने हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### गोफ में समाई तीन महिलाएं, दो शव निकाले

**केंदुआ।** गोंडूडीह ओपी क्षेत्र में अचानक भू-धंसान से तीन महिलाएं जमीन में दब गयी हैं। बीसीसीएल प्रबंधन के प्रयास से गोफ के अंदर से दो का शव को निकाला गया। तीसरे शव को ढूंढने का काम जारी है। हादसा रविवार की शाम की है। जिला प्रशासन भी की टीम के साथ पुलिस भी कैंप किये हुए है। भू-धंसान से जमींदोज हुई तीन महिलाएं,बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। जानकारी के अनुसार गोंडूडीह कोलियरी में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी के पास भू धंसान की घटना हुई है। गोंदूडीह कांटा घर से गोंदूदीह माइंस तक जाने वाली रास्ते पर तेज आवाज के साथ बड़ा गोफ बन गया था।

### धनबाद बाजार समिति : किसानों के प्लेटफार्म भी बेचने की तैयारी

## आइबी तक बेच दिया, इंजीनियरिंग सेल पर थी नजर

### व्यापारी और प्रभारी के बीच रेट तय, अब तक 29 दुकानें बिकीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धनबाद बाजार समिति में पद संभालते ही प्रभारी सचिव राकेश कुमार सिंह ने बैटिंग करना शुरु कर दिया था। तत्कालीन एमडी मनोज कुमार के संरक्षण में ही लगभग 20 गोदाम और दुकानों का आवंटन कर दिया गया था। इन दुकानों और गोदामों के लिए लाखों में डील हुए थे। तब, इसका हिस्सा बोर्ड के अधिकारियों तक भी पहुंचा था। यही कारण है कि जानकारी होने के बाद भी किसी ने न तो विरोध किया और न ही प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी पर कार्रवाई। अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी का मनोबल बढ़ता गया और आईबी तक का सौदा कर दिया। इतना पर भी नहीं रूके और किसानों के लिए बनाये प्लेटफार्म को भी बेचने का भी प्लान बना लिया।

(शेष पेज 11 पर)

#### शो-कॉज पूछने की तैयारी

दैनिक **खबर मन्त्र** की ओर से जब मार्केटिंग बोर्ड के एमडी को अवंटन की चिट्ठी दी गयी तो उन्होंने उस चिट्ठी को सचिव के पास भेज दिया और जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। इसके बाद बोर्ड के सचिव ने धनबाद बाजार समिति के सचिव से फोन पर कारण पूछा तो सचिव ने अपने जबाव में लिखा है कि कमेटी के राजस्व हित में दुकान का अस्थायी आईवंटन किया गया है। दुकान खाली रहने की स्थिति में एजी के स्तर पर आपत्ति दर्ज किया जा सकता था। साथ ही बिहार के पत्र का भा हवाला दिया है, जो 1990 का बताया गया गया है। परंतु यह भूल गये कि 8 अप्रैल 2022 को बोर्ड ने एक पत्र जारी कर बिना बोर्ड दवारा गठिक आवंटन उप समिति के दुकानों और गोदामों का आवंटन नहीं किया जा सकता है। इस मामले में अब बोर्ड की ओर से प्रभारी सचिव से शो-कॉज पूछने की तैयारी चल रही है।

### तीन राज्यों में होगा रेल रोको का असर

**कई ट्रेनें रद्द, कई के मार्ग बदले गये**

**रांची।** कुड़मी समाज ने खुद को आदिवासी का दर्जा दिलाने के लिए 20 सितंबर से पांच दिवसीय रेल रोको आंदोलन की घोषणा की है। आंदोलन को देखते हुए रेलवे ने एहतियात के दौर पर मंगलवार से कई ट्रेनों के रूट बदल दिये और कई को रद्द कर दिया है। आंदोलन बंगाल, झारखंड और ओड़िशा में एक साथ होगा। झारखंड में मनोहरपुर, नीमडीह, गोमो और मुरी स्टेशनों पर रेल रोकेंगे। समाज का कहना है कि इससे ट्रेनों पर असर पड़ेगा। इसके लिए समाज के लोगों ने यात्रियों से माफी भी मांगी है।

# कई रिकार्ड के साथ भारत बना एशिया चैंपियन

### 8वीं बार जीता खिताब, श्रीलंका को 50 रनों पर समेटा, 23 साल पुराना लिया बदला

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम ने श्रीलंका को सिर्फ 50 रनों पर समेटने के बाद मैच को 10 विकेट से जीत कर चैंपियनशिप का खिताब देश की झोली में डाल दिया। 8वीं बार एशिया कप चैम्पियन बना भारत। दस विकेट से जीत चैंपियनशिप की अबतक की सबसे बड़ी जीत है। वहीं खिताबी भिड़ंत में विपक्षी टीम को मात्र 50 रनों पर ही समेटना अबतक का सबसे न्यनतम स्कोर है। उसी तरह खिताबी लक्ष्य में भी यह सबसे छोटा स्कोर था। भारत के तेज गेंदबादज सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट लिये। भारत ने रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया। टीम इंडिया ने इस मैच में लक्ष्य को 6.1 ओवरों में बिना किसी क्षति के लक्ष्य हासिल कर लिया। करते हुए मैच को 10 विकेट जीता. इस मुकाबले में मोहम्मद सिराज ने अपनी घातक गेंदबाजी के दम पर 6 विकेट हासिल किए और भारत को आठवीं बार एशिया कप का खिताब जिताने में अहम भूमिका अदा की।

(शेष पेज 11 पर)

#### रोहित के नाम शानदार रिकॉर्ड

कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप का खिताब जीतकर चारों ओर अपने नाम का ढंका बजा दिया है। वह एशिया कप का खिताब जीतने वाले तीसरे ऐसे कप्तान बन गए हैं जिन्होंने 2 बार ट्रॉफी उठायी है। रोहित से पहले महेंद्र सिंह धोनी और मोहम्मद अजहरुदीन 2-2 बार एशिया कप का खिताब जीत चुके हैं। रोहित ने ऐसा कर सुनील गावस्कर और दिलीप वेंगसरकर को मात दे दी। दोनों की कप्तीनी में एक-एक बार एशिया कप का खिताब जीत चुके हैं। अब उनके पास मौका है कि वो कपिल देव और धोनी के कारनामे को दोहरा कर एक बार फिर भारतीय टीम को वनडे विश्व कप की ट्रॉफी दिलाएं।

## विष्णु अग्रवाल को इडी कोर्ट से नहीं मिली बेल

विशेष संवाददाता

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने सोमवार को चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन फजीर्वाड़ा कर उस राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद बिल्डर विष्णु कुमार अग्रवाल को जमानत देने से इनकार किया है। इससे उसको गहरा झटका लगा है। अदालत ने 13 सितंबर को उनकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। विष्णु अग्रवाल ने कई बीमारियों से पीड़ित होने का हवाला देते हुए जमानत की गुहार लगाते हुए 26 अगस्त को याचिका दाखिल की थी। बीमारी के आधार पर जमानत की मांग की। इसका विरोध ईडी के वकील ने किया था।

**तीन की याचिका खारिज :** वहीं दूसरी ओर इडी कोर्ट ने मनी लाउंड्रिंग में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को सफेद करने वाला नीरज मित्तल एवं राम प्रकाश भाटिया की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को अपना सुरक्षित आदेश सुनाया।

# ईडी ने सीएम को समन जारी कर 23 सितंबर को बुलाया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम हेमंत सोरेन को फिर से समन भेजकर 23 सितंबर को उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले ईडी ने जमीन खरीद-बिक्री मामले में मुख्यमंत्री को तीसरा समन भेज कर पूछताछ के लिए 9 सितंबर को हाजिर होने को कहा था। हालांकि सीएम पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर नहीं गये। वह जी-20 समिट में राष्ट्रपति द्वारा आयोजित भोज में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गये। वहीं, ईडी के समन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर समन पर रोक लगाने की मांग की थी, जो खारिज हो चुकी है।

**रिपोर्ट के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की** : ईडी ने जमीन घोटाले की जांच दक्षिणी छोटानागपुर के तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी की रिपोर्ट के आधार पर शुरू की थी। सेना के कब्जे वाली जमीन मामले की जांच कर आयुक्त ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। जांच रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख था कि फर्जी नाम-पता के आधार पर सेना की जमीन की खरीद-बिक्री हुई है। रांची नगर निगम ने मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। ईडी ने उसी प्राथमिकी को ईसीआईआर के रूप में दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## पीएम विश्वकर्मा योजना देशभर में लॉन्च, रांची में भी लॉन्चिंग समारोह आयोजित

# पीएम विश्वकर्मा योजना से अर्थव्यवस्था होगी मजबूत झारखंड के कारीगर के भी सुधरेंगे हालातः अर्जुन मुंडा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की। दिल्ली समेत देश के 70 जगहों पर एक साथ लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें से एक रांची भी थी। रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मौजूद थे।

मौके पर उन्होंने कहा कि यह योजना आने वाले समय में देश के करोड़ों शिल्पकारों और कारीगरों के लिए वरदान साबित होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले शिल्पकार और कारीगर इस योजना से लाभान्वित होंगे। पीएम विश्वकर्मा योजना से भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ झारखंड के काफी कारीगरों और शिल्पकारों को मिलेगा और



हुनरमंद शिल्पकारों के आर्थिक हालात सुधरेंगे। यह योजना झारखंड के स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विविध विरासत को जीवित और समृद्ध बनाये रखने के लिए लाभदायक होगी। इस योजना में 18 तरीके के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है जो लोग पूंजी और कौशल के अभाव में रोजगार की शुरूआत नहीं कर पा रहे थे, उनके लिए यह बहुत बड़ा अवसर है। इसके लिए 13,000 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को सामर्थ्यवान बनाने की है।

इस अवसर पर झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद संजय सेठ, दीपक प्रकाश, विष्णु दयाल राम, सुनील सिंह, सुदर्शन भगत, आदित्य साहू, समीर उरांव, विधायक सीपी सिंह और समरी लाल के अलावा कई शिल्पकार और योजना के लाभुक मौजूद थे।

# आत्मनिर्भर भारत की इंजन बनेगी पीएम विश्वकर्मा योजनाः बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री मरांडी ने कहा कि भारत मोदी जी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। इसके बाद श्री मरांडी ने प्रदेश मुख्यालय में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने ऑनलाइन प्रसारण के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना एवं एशिया के सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर में शामिल यशोभूमि के लोकार्पण को देखा। उन्होंने कहा कि भारत की पारंपरिक कला,



हुनर, कौशल प्राचीन काल से विकसित रही है। उन्होंने कहा कि ये शिल्पी भारत की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की गयी है। उन्होंने कहा कि यह योजना भारत के अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लायेगा। प्रधानमंत्री नमो के तीसरे कार्यकाल में ये ग्रामीण हुनर मंद भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में मुख्य भूमिका निभायेंगे।

इस अवसर पर डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, विधायक नवीन जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, हेमंत दास, राकेश प्रसाद, गणेश मिश्र, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, अमित सिंह, राहुल अवस्थी, योगेंद्र प्रताप सिंह, तारिक इमरान, सीमा शर्मा, बबन गुप्ता, रमेश सिंह, शोभा यादव, कमाल खान, संजीव विजयवर्गीय, राजीव रंजन मिश्र, रामचंद्र केसरी, राजेंद्र केसरी, गुरविंदर सिंह सेठी, सुनील साहू, मुनचुन राय, देवेंद्र स्वामी, मुकेश मुक्ता, रागिनी सिन्हा, उमाशंकर केडिया, अजय राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बकोरिया मुठभेड़ मामले में क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बहुचर्चित बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल प्रोस्टेट याचिका पर 19 अक्तूबर को सुनवाई होगी। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण उरांव की अदालत में सोमवार को मामले की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। लेकिन, याचिकाकर्ता के नहीं आने पर सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में याचिकाकर्ता का बयान दर्ज किया जाना है। मामले को लेकर मृतक उदय यादव के पीड़ित पिता जवाहर यादव ने नौ अगस्त को प्रोस्टेट याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान मामले में अन्य पक्षकारों का बयान रिकॉर्ड पर लाया जाएगा।

बता दें कि फाइल की प्रोटेस्ट याचिका में सूबे के तत्कालीन डीजीपी डीके पांडेय, पलामू के तत्कालीन एसपी सह वर्तमान बोकारो डीआईजी मयूर पटेल, तत्कालीन सीआईडी एडीजी सह सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर अजय भटनागर, तत्कालीन सीआईडी इंस्पेक्टर अनिल द्विवेदी, पूर्व सीआईडी एसपी अमरनाथ, सीआरपीएफ अधिकारी आरके मिश्रा समेत 12 व्यक्तियों को आरोपी बनाया है। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में 8 जून 2015 को मुठभेड़ में 12 लोग मारे गये थे।

## झारखंड में मुरी रेलवे स्टेशन, गोमो, नीमडीह और घाघरा रेलवे स्टेशन में करेंगे आंदोलन

# मांगों को लेकर टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा कल से करेगा रेल रोको आंदोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कुड़मी महतो जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने एवं कुडमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आगामी 20 सितम्बर से झारखंड राज्य में मुरी रेलवे स्टेशन, गोमो रेलवे स्टेशन,नीमडीह रेलवे स्टेशन एवं घाघरा रेलवे स्टेशन, पश्चिम बंगाल राज्य में खेमासुली रेलवे स्टेशन एवं कुस्तौर रेलवे स्टेशन तथा ओड़िशा राज्य में हरिचंदनपुर रेलवे स्टेशन, जराइकेला रेलवे स्टेशन एवं धनपुर रेलवे स्टेशन में



तीनों राज्यों में संयुक्त रूप से अनिश्चितकालीन रेल टेका रेल चक्का जाम आंदोलन शुरू किया जाएगा। सोमवार को प्रेस वार्ता में संबोधित करते हुए टोटेमिक कुडमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि जिसमें हजारों हजार की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कुडमी समाज अब जाग चुका है और अपने हक अधिकार के प्रति सजग हो चुका है। अब कुड़मी समाज अपने संवैधानिक अधिकार के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक चलने वाली संसद का विशेष सत्र में कुडमी महतो को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दे केंद्र सरकार, उन्होंने कुड़मी समाज के सांसदों को भी कहा कि कुड़मी महतो को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग को जोरदार तरीके से विशेष सत्र में उठायें। इस मौके पर हरमोहन महतो, रामपोदो महतो, सुषमा देवी, दानी महतो, सखिचन्द महतो, क्षेत्रमोहन महतो, सोनालाल महतो, अजीत महतो, दीपक चौधरी, रावंती देवी, रबीता देवी, संदीप महतो थे।

# 20 और 21 सितंबर को राज्य के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश की संभावना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र ने 22 सितंबर तक राज्य में बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान कुछ हिस्सों में भारी बारिश तो कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 20 सिंतबर को राज्य के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। इन इलाकों में धनबाद, पूर्वी सिहंभूम, पश्चिमी सिंहभूम समेत अन्य जिलों में बारिश होगी। वहीं, 21 सितंबर को भी कुछ इलाकों में भारी बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की गयी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

आने वाले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसे ही बने रहने की संभावना है। राजधानी रांची की बात करें तो आने वाले कुछ दिनों तक बादल छाये रहेंगे। साथ ही एक-दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर है। वहीं, मानसून टर्फ लाइन डालटनगंज और जमशेदपुर से होकर गुजरने से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की स्थिति बन रही है। तापमान की बात करें आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा।

# मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 24 नवंबर तक रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर में रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार एवं प्रतिवादी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने प्रार्थी मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर निर्धारित की। पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है।

**क्या है मामला** : पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त 2022 को शाम में जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे तो तत्कालीन देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी का कहना था कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं इस इसलिए जीरो एफआईआर रद्द किया जाए।

## तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आलमगीर आलम को दी नारायणपेट विधानसभा की जिम्मेदारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने की संभावना है। कांग्रेस ने इस साल नवंबर-दिसंबर में होने वाले विस चुनाव को देखते हुए झारखंड सहित देशभर से अपने शीर्ष नेताओं को तेलंगाना भेजना शुरू कर दिया है। जिसके तहत कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम को महबूबनगर लोकसभा के नारायणपेट विधानसभा क्षेत्र में जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार को तेलंगाना के नारायणपेट विधानसभा क्षेत्र पहुंचे आलमगीर आलम ने कांग्रेस के 6 गारंटी संबंधित बुकलेट को लॉन्च किया। इस मौके पर आलमगीर आलम ने झारखंड में कांग्रेस के सहयोग से चल रही सरकार के कामकाज की सराहना की।

**हैदराबाद कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में दी गई जिम्मेदारी** : हैदराबाद में पिछले दिनों हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई और विधानसभा वार कार्यक्रम के लिए नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिसके तहत झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को महबूबनगर के नारायणपेट विधानसभा के लिए नियुक्त किया गया है। संबंधित विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के तहत पद यात्रा कार्यक्रम किया जाएगा। इसके अलावा कांग्रेस द्वारा दिए गए 6 गारंटी का प्रचार प्रसार का भी जिम्मा उन्हें दिया गया है। तेलंगाना के 119 विधानसभा सीट के लिए हर एक सदस्य को जिम्मेदारी दी जा रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को मिली 20 वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी सुशांत कुमार सिंह उर्फ विपुल को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने उक्त आरोप में चार सितंबर को दोषी करार दिया था। अभियुक्त घटना के बाद से ही 18 अगस्त 2020 से जेल में है। घटना का अंजाम 12 अगस्त 2020 को दिया गया था। 13 अगस्त 2020 को लोअर बाजार थाना में पीड़िता के परिजन ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि पीड़िता घर से ट्यूशन के लिए निकली थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी। पीड़िता को आरोपी चडरी स्थित पुलिस गेस्ट हाउस में ले गया और उसके साथ सुशांत कुमार सिंह ने दुष्कर्म किया। अभियुक्त गेस्ट हाउस का केयर टेकर था। इसी मामले के दो आरोपी अरविंद कुमार एवं करण सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया। वहीं एक आरोपी राज कुमार शर्मा फरार चल रहा है।

# आजसू के महाधिवेशन में एक लाख लोगों के जुटने का दावा

## तीन दिवसीय कार्यक्रम 29 सितंबर से मोरहाबादी मैदान में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी का तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन 29 सितंबर से शुरू हो रहा है। यह अधिवेशन 1 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। यह आयोजन स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन मोरहाबादी मैदान में होगा। महाधिवेशन राज्यव्यापी और राज्य के चुनौतियों को लेकर होगा। यह जानकारी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

**सम्मेलन को एक कॉमन प्लेटफार्म बनाने की तैयारी** : सम्मेलन में राज्य के आम राय को एकमत करने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश के सभी पंचायत, गांव, टोला, मोहल्ला, शहर के हर साधारण व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके, ऐसी व्यवस्था की गई है। सम्मेलन को एक कॉमन



प्लेटफार्म बानने की तैयारी है। जहां सभी लोग शामिल होकर अपने विचार रखें और हम उनके विचारों को संग्रहित कर पाए।

**ऑनलाइन-ऑफलाइन होगा रजिस्ट्रेशन** : महाधिवेशन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गयी है। आम जनता भी इस महाधिवेशन में रजिस्ट्रेशन करवा कर जुड़ सकते हैं। महाधिवेशन में अधिक से अधिक लोग जुड़ पाए इसके लिए अत्यधिक तकनीक का प्रयोग कर पंजीकरण को आसान बनाया जाएगा।

**हर वर्ग का होगा प्रतिनिधित्व** : इस महाधिवेशन में राज्य के सभी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय दलों को शामिल होने और राज्य के हित में अपने विचारों को रखने के लिए आमंत्रित करेंगे। सम्मेलन में पंचायत एवं नगर निकाय स्तरीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकों, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, प्रोफेसनल्स, व्यवसाययों को भी इस महाधिवेशन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**महाधिवेशन के लिए समितियां बनी** : महाधिवेशन के पहले और दूसरे दिन पांच हजार से ज्यादा डेलीगेट्स और तीसरे दिन एक लाख से अधिक लोग आएंगे। 32 हजार गांव से भागीदारी सुनिश्चित कराएंगे। सभी 81 विधानसभा में इसकी तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। महाधिवेशन के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई है। सभी जिला से केंद्रीय समिति के सदस्य के नाम जिला अध्यक्षों द्वारा मंगवाए गए हैं।

# गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को जमानत देने से कोर्ट का इंकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को रंगदारी वसूली से जुड़े एक और मामले में जमानत की सुविधा देने से अदालत ने इनकार किया है। एटीएस मामले के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद खारिज कर दी। पिछली सुनवाई में अदालत ने केस डायरी तलब किया था। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 31 अगस्त को अर्जी दाखिल की थी। एटीएस ने 21 जुलाई 2023 को पिठोरिया इलाके में एजाज अंसारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार अपराधी के पास से 49 लाख 83 हजार रुपए बरामद किया गया था। पूछताछ में उसने अमन श्रीवास्तव का नाम लिया था। इसके बाद एटीएस ने अमन श्रीवास्तव को नामजद किया। मामले में एटीएस की जांच जारी है। जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। वह 18 मई से जेल में है।

# साक्ष्य के अभाव में जेल में बंद कुख्यात अपराधी गेंदा सिंह सभी केस में बरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद कुख्यात अपराधी गेंदा सिंह सभी केस में बरी हो गया। रांची पुलिस उसके खिलाफ कोई भी साक्ष्य नहीं जुटा पाई और न ही कोई उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दी। सोमवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से छूटने के बाद कुख्यात गेंदा सिंह कहां गया, इसके बारे में रांची पुलिस को कोई जानकारी नहीं हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो रांची पुलिस की टीम गेंदा सिंह के बारे में जानकारी जुटा रही हैं। हालांकि, इस मामले में रांची के एक अधिकारी ने पूछने पर बताया कि अभी इस मामले में कोई जानकारी उनके पास नहीं हैं।

**कुख्यात अपराधी है गेंदा** : रांची के हटिया इलाके का रहने वाला गेंदा सिंह कुख्यात अपराधी है। गेंदा सिंह अपने बड़े भाई लखन सिंह के साथ मिलकर अपने गिरोह का संचालन किया करता है। लखन सिंह के बारे में सूचना है कि उसकी मौत हो चुकी है। हालांकि अब तक पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नहीं हुई है। रांची के तुपुदाना इलाके में गेंदा सिंह का आतंक है। खासकर भू-माफियाओं में तो गेंदा की तूती बोलती है। साल 2015 में तुपुदाना चौक पर जमीन कारोबारी राकेश राम के निजी बॉडीगार्ड मनोहर झा और ड्राइवर राजेंद्र राम की हत्या कर गेंदा सिंह ने अपराध की दुनिया में कदम रखा था। गेंदा पिछले कई सालों से जेल में बंद है।

## डीसी ने दिया था सीसीए लगाने का निर्देश

गौरतलब है कि बीते चार अगस्त को रांची डीसी ने कुख्यात गैंगस्टर गेंदा सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक अपराधियों पर सीसीए लगाने का निर्देश दिया था। जिन अपराधियों पर सीसीए लगाने की अनुशंसा की गई थी, उनमें राशिद अंसारी, शेख अंसारी उर्फ बघेला, रंजीत साव, फरहान अंसारी उर्फ चरकु मैना और अमित कुमार उर्फ सोनू शर्मा शामिल था। सभी पर सीसीए के तहत कार्रवाई करते हुए यह निर्देश भी जारी कर दिया गया है कि किसी भी हाल में इन्हें जेल से बाहर नहीं निकलने दिया जाए। सभी अपराधियों पर हत्या, रंगदारी, जमीन कारोबारी और बिल्डरों द्वारा रंगदारी नहीं देने पर हत्या या उन पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

# कांग्रेस पार्टी की जनसुनवाई : कृषि मंत्री बादल ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, विभागीय अधिकारियों को निदान का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनता की समस्या को दूर करने के लिए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों द्वारा कांग्रेस भवन में प्रत्येक सोमवार को जनसुनवाई की जा रही है। केंद्रीय नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर चल रही इस जनसुनवाई में अबतक 200 से अधिक आवेदन प्रदेश कार्यालय को मिल चुका है। जिसमें संबंधित विभाग से इसके निष्पादन के लिए पत्र लिखा गया है। अब तक कांग्रेस कोटे के सभी चारों मंत्री जनसुनवाई कर चुके हैं और यह अनवरत जारी रखने को कहा गया है।

इसी कड़ी में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना। उसके निराकरण के लिए संबंधित अफसरों को फोन पर निर्देश दिया। साथ ही कुछ आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ लिखित रूप से संबंधित अफसरों को दिशा-निर्देश दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में रांची, रामगढ़, पलामू, गिरिडीह, दुमका, लातेहार व बोकारो जिला से भी आमजन अपनी शिकायत और समस्या लेकर पहुंचे। जिसका निदान करने का आश्वासन मंत्री ने दिया।



**मंत्री ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया** : प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, नेली नाथन, जगदीश साहु, नरेन्द्र लाल गोपी, राजीव प्रकाश चौधरी उपस्थित थे।

## सुखाड़ को लेकर भी शिकायतें आयीं

जन सुनवाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोल्ड स्टोरेज निर्माण, तालाब, डीप बोरिंग, पेंशन योजना, नौकरी, सौर उर्जा, दाखिल खारिज, जेपीएससी मामले, कूप निर्माण, गाय आवंटन, गाय पालन, मत्स्य पालन, कृषि यंत्र आवंटन, सुखाड़, सब्जी बाजार निर्माण संबंधित मामलों के निराकरण के लिए कृषि मंत्री से आग्रह किया गया।

# पुरानी कमेटी के सदस्य नयी कमेटी का कर रहे विरोध, पहाड़ी मंदिर कार्यालय में लगाया ताला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पहाड़ी मंदिर की नई कमेटी का गठन होते ही विरोध का स्वर बुलंद हो गया है। सोमवार को पुरानी कमेटी के लोग पहाड़ी मंदिर परिसर में धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि नई कमेटी में राजनीतिक दल से जुड़े लोगों को शामिल किया गया है जबकि कई दशक से मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जिला प्रशासन के लोग हुआ करते थे और उन्हीं की निगरानी में मंदिर का विकास कार्य होता था लेकिन नई कमेटी में राजनीतिक लोग सिर्फ व्यक्तिगत लाभ के लिए मंदिर के कमेटी का सदस्य बने हैं।

पुरानी कमेटी के सदस्यों ने विरोध जताते हुए कहा कि जब कमेटी के अध्यक्ष जिला प्रशासन के लोग होते हैं तो फिर नई कमेटी में अध्यक्ष जिला प्रशासन के लोगों को क्यों नहीं बनाया गया है। इसको लेकर पुरानी कमेटी के लोग पहाड़ी मंदिर के बाहर नई कमेटी के गठन के बाद से विरोध प्रदर्शन किया।

पुरानी कमेटी के सदस्य अभिषेक यादव ने कहा कि नई कमेटी में राजनीतिक दल के नेताओं को सदस्य बनाया गया है, जिसका वह विरोध कर रहे हैं। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि पहाड़ी मंदिर की नई कमेटी में वैसे लोगों को सदस्य बना दिया गया है जो राजनीतिक दल के नेता हैं। जब इन नेताओं को राजनीति में कोई स्थान नहीं मिला तो मंदिर कमेटी में स्थान देकर उन्हें भुलावा दिया जा रहा है। कहा कि नई कमेटी के सभी नेता व्यक्तिगत लाभ के लिए पहाड़ी मंदिर समिति के सदस्य बने हैं। इसका विरोध जारी रहगा।




### माहौल कर रहे खराब : राकेश सिन्हा

वहीं नई कमेटी की तरफ से राकेश सिन्हा ने बताया कि रांची के अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन कर दिया गया है। जिसके बाद नई कमेटी के सदस्य मंदिर परिसर में पहुंचे हैं लेकिन जैसे ही नई कमेटी के लोग मंदिर परिसर में पहुंचे वैसे ही पुरानी कमेटी के लोग हंगामा करने लगे और पहाड़ी मंदिर के कार्यालय में ताला लगा दिया। उन्होंने बताया कि नई कमेटी के लोगों का यह मानना है कि पहाड़ी मंदिर राजधानी के लाखों लोगों का हृदय स्थल है, यहां पर प्रतिवर्ष लाखों लोग मंदिर में पूजा करने आते हैं इसीलिए मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए नई कमेटी के लोग कार्य करना चाहते हैं ताकि मंदिर में नई व्यवस्था के साथ श्रद्धालु पूजा कर सकें लेकिन पुरानी कमेटी के लोग राजनीति का रूप देकर माहौल को खराब कर रहे हैं जो नई कमेटी के सदस्यों के द्वारा कभी होने नहीं दिया जाएगा।

## भू-अर्जन संबंधी मामलों में तेजी लायें : उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने पथ निर्माण विभाग की परियोजनाओं में अधिग्रहित भूमि में मुआवजा भुगतान के लिए योजना में आने वाली कठिनाइयों को सूचीबद्ध कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एनएच-23 गुमला-पलमा परियोजना में शेष 18 करोड़ रुपये के भुगतान के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। इसके साथ मौजा बारीडीह स्थित कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय बालिका विद्यालय को मौजा जरिया में स्थानांतरित करने को लेकर जमीन हस्तांतरण के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया।

**भारत माला परियोजना** : डीसी ने भारत माला परियोजना (ओरमांझी से गोला सेक्शन) के शेष 66 करोड़ रुपये का मुआवजा भुगतान पूर्व घोषित आवार्ड के आधार पर ही करने का निर्देश दिया। इसमें उन्हीं रैयतों को भुगतान करने का आदेश दिया गया जो सड़क निर्माण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं कर रहे हैं। साथ ही अरगोड़ा मोड़ से कटहल मोड़ सड़क चौड़ीकरण, सीरम टोली फ्लाई ओवर, कांटा टोली फ्लाई ओवर व अन्य दूसरे सड़कों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया।

बैठक में अपर समाहर्त्ता राजेश कुमार बरवार, परियोजना निदेशक (पीआईयू गुमला) राजीव रंजन, भारत माला परियोजना के अभियंता एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्र, अंचल अधिकारी बेड़ो सुमन तिर्की एवं अन्य संबंधित सभी अधिकारी मौजूद थे।

## विरोध के बावजूद पहाड़ी मंदिर की नयी कमेटी ने पदभार ग्रहण किया



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विरोध के बीच पहाड़ी मंदिर प्रबंध समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों ने सोमवार को पहाड़ी मंदिर में अपना पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर पहाड़ी मंदिर के नवगठित कमिटी की प्रथम बैठक समिति के अध्यक्ष एनएन पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर के विकास कैसे अधिक से अधिक हो इस पर शहर के प्रबद्ध लोगों से राय ली जाएगी। इसके लिए पहाड़ी मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा एक एडवाइजरी कमिटी एवं आयोजन समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें महानगर दुगार्पूजा, महावीर मंडल जैसे अन्य धार्मिक संस्थाओं के लोगों का समायोजन करते हुए कुछ प्रबद्ध लोगों को रखा जाएगा।

झारखंड राज्य हिन्दु धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य एवं पहाड़ी मंदिर प्रबंध समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि शहर के मंदिरों में पूजा कराने वाले मुख्य पुजारियों को बहुत जल्द प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बैठक में समिति के सचिव राकेश सिन्हा, उपाध्यक्ष डॉ कुमार राजा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, राजेश साहू, अरूण वर्मा, बादल सिंह, अजय श्रीवास्तव, उमेश मिश्रा, रंजीत बिहारी प्रसाद, अजय सिंह थे।

## जिला मत्स्य पदाधिकारी ने गेतलसूद डैम में मछलियों के मरने की सौंपी रिपोर्ट

**रांची।** गेतलसूद डैम में मछलियों की मौत के बाद विभागीय मंत्री बादल पत्रलेख के निर्देश के बाद सोमवार को जिला मत्स्य पदाधिकारी ने विभाग को रिपोर्ट सौंप दी है। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि चार केज में करीब 6-7 हजार मछलियों की मौत हुई थी। मछलियों की मौत पानी में ऑक्सीजन की कमी वजह से हुई है। जबकि पानी में पीएच मान, नाइट्रेट और अन्य अवयव उचित मात्रा में पाये गये हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बारिश के मौसम में बदली छाये रहने की वजह से पानी में ऑक्सीजन कम हो जाता है। इसी वजह से यह घटना हुई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि समिति के सदस्यों को बीज और फीड उपलब्ध करा दिया जायेगा। साथ ही, ऐसी स्थिति में नियमाकुल ध्यान देने की बात कही गई है।


# लड़की ने पेड़ पर चढ़कर किया आत्महत्या का प्रयास, गंभीर हालत में रिम्स में भर्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के हिल व्यू रोड इलाके में रविवार को एक 27 वर्षीय युवती पेड़ पर चढ़कर नीचे कूद जाने की धमकी देने लगी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। लोग लड़की को ऐसा करने से मना करने लगे और उसे बचाने के उपाय ढूंढ रहे थे, इसी बीच लड़की का पांव फिसल गया और वे पेड़ से गिर गयी।

**नौकरानी का काम करती है लड़की** : जानकारी के अनुसार रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू रोड नंबर छह में रहने वाली संगीता शर्मा के घर पर लड़की नौकरानी का काम करती है। लड़की आत्महत्या का प्रयास कर रही थी लेकिन इसी दौरान हादसा हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर बरियातू थाना की पुलिस पहुंच गई और घायल युवती को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया।

### घर से निकलकर पेड़ पर चढ़ गयी युवती




रविवार को लड़की अचानक घर से निकली और पास ही स्थित एक पीपल के पेड़ पर चढ़ गई। लोगों ने जब पेड़ पर चढ़ते हुए देखा तो उसे नीचे उतरने को कहा, लेकिन वह बोलने लगी वो पेड़ से कूद कर अपनी जान दे देगी। स्थानीय लोगों ने तुरंत मामले की जानकारी बरियातू थाना को दी। इससे पहले कि पीसीआर और माइक की टीम में मौके पर पहुंचती युवती का पांव फिसल गया और वह पेड़ से गिर गयी।

### मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि घायल युवती का रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवती झारखंड के लोहरदगा की रहने वाली है और बरियातू थाना इलाके के हिल व्यू रोड में रहने वाली संगीता शर्मा के घर वह एक अगस्त 2023 से घरेलू नौकरानी के रूप में काम कर रही है। मामले में पुलिस संगीता शर्मा से भी पूछताछ कर रही है, ताकि पूरे मामले का पता चल सके।

# पैरवी करने एसएसपी कार्यालय पहुंचे भू-माफिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर सड़क पर करायी परेड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची में भू-माफिया अपनी आदतों से बाज नहीं आये तो उनकी खैर नहीं है। रांची में नव पदास्थापित एसएसपी चंदन सिन्हा ने रविवार को इसका संकेत दे दिया है। रविवार को एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर दो भू-माफियाओं को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया। दोनों एसएसपी से एक मामले को लेकर मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान उनके आचरण को संदिग्ध पाकर एसएसपी ने दोनों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने दोनों भू-माफिया को गिरफ्तार कर लिया।

**क्या है मामला :** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र सहित कई इलाकों में दबंगई कर जमीन हड़पने वाले अशोक पासवान और रंजीत भुटकुमार उर्फ रंजीत पाहन को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। रांची एसएसपी कार्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 17 मई 2023 को नामकुम थाना क्षेत्र के केतारी बगान में एक बहुत बड़े प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था। भू-माफिया कई लोगों से मारपीट, जानलेवा हमला, अवैध आग्नेयास्त्र से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। उस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त अशोक पासवान और अप्राथमिकी अभियुक्त रंजीत भुटकुमार उर्फ रंजीत पाहन थे। दोनों को रविवार को गिरफ्तार किया गया।

**सड़क पर परेड करवाते थाने ले गए पुलिस कर्मी :** दोनों गिरफ्तार भू-माफियाओं की पुलिस ने हेकड़ी निकाल दी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों भू-माफियाओं को उन्हीं के इलाके में हथकड़ी पहनाकर उनका परेड भी करवाया। जिस इलाके में दोनों का आतंक था, उसी इलाके में उन्हें पैदल हथकड़ी पहनाकर थाने तक पुलिस कर्मी ले गए।

**सीनियर एसपी से मिलने पहुंचे थे भू-माफिया** : एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के अनुसार अशोक पासवान एक जमीन कब्जा करने वाला दलाल और अपराधी है बावजूद वह एसएसपी कार्यालय पहुंच गया। उसकी बातचीत और गतिविधि को संदिग्ध पाते हुए तत्काल पूछताछ और अग्रेतर कार्रवाई के लिए थाना को निर्देशित किया। इसके बाद नामकुम थाना की पुलिस पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने स्पष्ट कर दिया है कि भू-माफिया सावधान हो जाएं वरना उन पर आगे भी बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व महाधिवक्ता स्व. अनिल सिन्हा को दी गयी श्रद्धांजलि

**भाजपा मुख्यालय में पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा और पुष्प गुच्छ अर्पित कर दी गयी श्रद्धांजलि**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पूर्व महाधिवक्ता अनिल सिन्हा के रूप में पार्टी ने एक समर्पित नेता खो दिया। श्री मरांडी सोमवार को पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेता स्व अनिल सिन्हा के पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनिल सिन्हा का असमय चला जाना पार्टी की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से स्व सिन्हा की आत्मा की शांति केलिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान उन्हे श्री चरणों में स्थान दें तथा परिजनों को दुख की बेला में धैर्य एवम साहस दें।

इस अवसर पर डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, सरोज सिंह, राजश्री जयंती, सुनील साहू, अरुण झा, चंद्रप्रकाश, अरविंद सिंह, शोभा यादव, कमाल खान, राजीव रंजन मिश्र, संजय सहाय, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित,प्रशांत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रांची नगर निगम का स्वच्छता पखवाड़ा जारी शहरी क्षेत्रों में चलाया जा रहा विशेष अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा देश के सभी शहरों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य कचरा मुक्त शहरों के प्रति नागरिकों को जागरूक करना है। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निगम क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा नाम से कार्यक्रम चलाया गया। जिसके तहत नगर निगम ने शहर में सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 की शुरूआत बड़ा तालाब में की गई। स्वच्छता लीग का नेतृत्व प्रशासक अमित कुमार के द्वारा किया जाना है। बड़ा तालाब में आयोजित कार्यक्रम में उप प्रशासक रजनीश कुमार, निगम के सभी पदाधिकारी और कर्मी एवं शहर के विभिन्न एनजीओ के साथ आम नागरिकों ने भाग लिया। इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 की शुरूआत में सभी पदाधिकारियों द्वारा स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए उनके मूर्ति पर पुष्प अर्पित की।



मौके पर विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित किए गए, जैसे प्लॉग रन, स्वच्छता शपथ, वृक्षारोपण, हस्ताक्षर अभियान, पौधों का वितरण। इन कार्यक्रमों के माध्यम से शहर के स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया। इसके अलावा रमणीक रांची वॉरियर्स टीम द्वारा स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां विभिन्न वार्डों में आयोजित किया गया। युवा बनाम कचरा थीम से जुड़ने के लिए युवाओं से अपील की गई।

मौके पर प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि इस पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य शहर को कचरा मुक्त बनाना और नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के तहत रांची नगर निगम द्वारा मुख्य रूप से सार्वजनिक स्थलों, हर वार्ड, हर गली-मोहल्ले में पूर्ण सफाई व्यवस्था करते हुए गार्बेज के पृथक्करण का कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है। इस मुहिम के तहत व्यापक रूप से सफाई कार्य किए जाएंगे। वर्तमान समय में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट समय की मांग है और इसके लिए सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने युवाओं से इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

## सांसद संजय सेठ ने श्रमिकों और अभियंताओं को किया सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर रातू रोड में बना रहे एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण में लगे श्रमिकों और इंजीनियर को अपने आवास पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सांसद सेठ ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा भारत के लिये ऐतिहासिक पल का गवाह बने बने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा योजना की शुरूआत किया है। ऐसे लोग जो अपनी हुनर से अपनी जीविका चलकर अपना भरण पोषण करते हैं, उनके जीवन में खुशहाली आए वह आत्मनिर्भर हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी योजना की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को सम्मानित कर आनंद की अनुभूति हो रही है।

**चैंबर से जुड़े व्यापारियों ने कहा- बाजार समितियों में किराया बढ़ोतरी का राज्य स्तर पर होगा विरोध**

# कानून सम्मत नहीं है किराया बढ़ोतरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड के निर्देश पर पंडरा बाजार समिति की ओर से पंडरा बाजार समिति की दुकानों एवं गोदामों का किराया बढ़ा दिया गया है। इसके विरोध में सोमवार को रांची चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्य समिति की बैठक हुई। इसमें फेड्रेशन झारखंड ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित थे। इनके अलावा मजदूर नेता ललित नारायण ओझा भी शाामिल थे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि किराया बढ़ोतरी कानून सम्मत नहीं है। राज्य की अन्य मंडियों से भी मनमाने किराया में बढ़ोतरी की सूचना आ रही है। झारखंड स्तर पर किराया में की जा रही बढ़ोत्तरी का विरोध किया जाएगा। इस दौरान सभी व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि किसी भा हाल में कोई भी दुकानदार बढ़ा किराया जमा न करे। इस मुद्दे को लेकर 20 सितंबर की दोपहर 1:30 बजे फेड्रेशन झारखंड ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में आगे की रणनीति का खुलासा किया जायेगा। यह जानकारी रांची चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय माहुरी और सचिव दीपक पोद्दार ने दी।

### सुविधा शून्य और किराया में 110 फीसदी की बढ़ोतरी

बाजार समिति के दुकानदार सह पूर्व बाजार प्रतिनिधि संतोष सिंह ने कहा कि जिस समय बाजार समिति का (2018) किराया बढ़ाया गया था, उस समय 168 करोड़ का फिक्स डिपाजिट था। उसका ब्याज 35 से 40 लाख हर महीने आता था। वहीं, बाजार समिति को भी किराया के रूप में 32 लाख रुपये हर महीने की आमदनी थी। बढ़ोत्तरी के दौरान बोर्ड और कमेटी के अधिकारियों ने कहा किबाजार समिति में हर बुनियादी सुविधायें दी जायेगी। परंतु आज तक बाजार समिति के द्वारा व्यापारियों को कोई सुविधा नहीं दिया गया। सड़क, बिजली, पानी और नाली की हालत काफी खराब है। कई दुकानों से पानी रिस रहा है तो कईयों के छत गिर रहे हैं। ऐसे में किराया में वृद्धि करने से पहले बाजार समिति को सुविधा देने चाहिए था।



**रिम्स में नये बैच के मेडिकल स्टूडेंट्स ने ली शव की शपथ, कहा**

# मानव देह ही पहला शिक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के एनाटॉमी विभाग में सोमवार को वर्ष 2023 बैच के विद्यार्थियों को कैडवेरिक ओथ (शव की शपथ) दिलायी गयी। विभाग के प्रोफेसर डॉ धर्मेंद्र कुमार ने छात्रों को शव की शपथ दिलायी। इसके तहत छात्रों ने शवों का सम्मान करने, परिवार के प्रति आभार व्यक्त करने और प्राप्त ज्ञान से समाज की सेवा करने का संकल्प लिया।

रिम्स निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने इस शपथ के महत्व के विषय में छात्रों को बताया। कहा कि यह देह गुरु समान है, क्योंकि इनके जरिए मेडिकल छात्रों को सीखने का अवसर मिलता है। डीन प्रोफेसर डॉ विद्यापति ने कहा कि पढ़ाई के लिए देह दान करने वाले लोग महान हैं और चिकित्सा शिक्षा की किसी भी शाखा का आधार शव विच्छेदन और शरीर रचना विज्ञान का ज्ञान है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ एके दुबे के अनुसार, डॉक्टर के लिए मानव शरीर को ही पहला शिक्षक माना जाता है, इसलिए उसकी पूजा कर शपथ ली जाती है।




**रिम्स को 7 देह हो चुके हैं प्राप्त**

रिम्स में अब तक 50 लोग देहदान का संकल्प पत्र भर चुके हैं। एनाटॉमी विभाग को पढ़ाई के लिया अब तक 7 देह प्राप्त हो चुके हैं। विभाग ने इस नेक कार्य के लिए देहदान की इच्छा पूरी करने के लिए सभी दाताओं और उनके परिवारों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया है।

# बेहतर विकास दर

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर छह प्रतिशत से अधिक रहेगी क्योंकि देश बड़े वैश्विक झटकों के दौर में भी अपनी व्यापक आर्थिक स्थिरता और प्रदर्शन को मजबूत रखने में कामयाब रहा है। वैश्विक मंदी के कारण भारत की निर्यात वृद्धि कम हो रही है, भू-राजनीति कारणों से कारण तेल और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं, और खराब मौसम परिस्थितियां भी ऐसे कुछ जोखिम हैं, जिनका देश सामना कर रहा है। भारत बड़े वैश्विक झटकों के दौर में भी अपनी व्यापक आर्थिक स्थिरता और प्रदर्शन को मजबूत रखने में कामयाब रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि छह प्रतिशत से ऊपर रहेगी। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2022-23 में 7.2 प्रतिशत रही थी, जबकि 2021-22 में यह 9.1 प्रतिशत से कम रही थी। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह पूछे जाने पर कि खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के दायरे में कबतक आएगी, गोयल ने कहा ह्यलंबे समय से कंपनियों की मुद्रास्फीति का अनुमान चार प्रतिशत के आसपास हैं। इसका मतलब है कि लागत के झटकों के बावजूद, उनकी मूल्यवृद्धि चार प्रतिशत से अधिक नहीं है। अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.83 प्रतिशत पर आ गई है। जुलाई में यह 7.44 प्रतिशत के 15 माह के उच्चस्तर पर थी। केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के दायरे में रखने का लक्ष्य मिला हुआ है। मानसून की अनियमितता और विदेशी दबाव के बाद भी भारतीय विकास दर का छह प्रतिशत से अधिक होना उम्मीद जगा रहा है। निश्चित तौर पर यह सरकार के बेहतर नीति का ही परिणाम है।

# सावधानी आवश्यक

कश्मीर में सेना का यह ऑपरेशन खुफिया सूचनाओं पर आधारित था, लेकिन कहीं न कहीं रणनीति के क्रियान्वयन में चूक हुई है। पहले सूचना दी गई थी कि आतंकियों ने जंगल में अपना ठिकाना बना रखा है, लेकिन उन्होंने पहले ही घात लगाकर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को निशाना बना लिया। निस्संदेह, भविष्य में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं यानी एसओपी के क्रियान्वयन में अधिक सतर्कता की जरूरत होगी। हालांकि, सेना ने वर्ष 2020 में जम्मू-कश्मीर में ऐसे ऑपरेशनों के लिये अपने एसओपी में संशोधन किया था, जिसमें मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों को आत्मसमर्पण सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता था। इसमें भटके हुए युवाओं को जान बचाने का मौका दिया जाता था लेकिन इस नीति ने सेना के जवानों के लिये लक्ष्य को कठिन बना दिया। निस्संदेह, ऐसी मुठभेड़ पे पहले मिली हुई सूचनाओं का गहन सत्यापन जरूरी होता है। आतंकवादियों व उनकी मदद करने वाले स्थानीय लोगों की चौबीस घंटे की निगरानी जरूरी होती है। हालांकि, इस घटना से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी पर लाने की कोशिशों को झटका लगेगा। सेना व पुलिस के अधिकारियों की शहादत हमें सबक देती है कि अब खुफिया तंत्र की खामियों को दूर करने और आप्रेशनों की मानक संचालन प्रक्रिया को मजबूत बनाने की जरूरत है। जिससे सेना के अधिकारी व पुलिसकर्मी पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों का बेहतर ढंग से मुकाबला कर सकें। निस्संदेह, हाल के दिनों में घाटी में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन अभी भी आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह धवस्त करने की जरूरत है। सेना के अभियान में अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। सावधानी के साथ अत्याधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया जाए।

# देश में मातृभाषाओं का संकट: चुनौतियां और समाधान




भाषा का संबंध इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से है। भारतीय भाषाओं में अंतर-संवाद की परंपरा बहुत पुरानी है और ऐसा सैकड़ों वर्षों से होता आ रहा है। यह उस दौर में भी हो रहा था, जब वर्तमान समय में प्रचलित भाषाएं अपने बेहद मूल रूप में थीं। श्रीमद्भगवतगीता में समाहित श्रीकृष्ण का संदेश दुनिया के कोने-कोने में केवल अनेक भाषाओं में हुए उसके अनुवाद की बदौलत ही पहुंचा। उन दिनों अंतर-संवाद की भाषा संस्कृत थी, तो अब यह जिम्मेदारी हिंदी की है। ये लिपि कौन सी है, भाषा कौन सी है, सामग्री क्या है, विषय क्या है? आज कहीं पत्थरों पर कुछ लिखा हुआ मिलता है, तो सालों तक पुरातत्व विभाग उस खोज में लगा रहता है कि लिखा क्या गया है?

**भारतीय भाषाओं का बढ़ता प्रभाव**

आज भारतीय भाषाओं के बीच संवाद को व्यापक रूप से प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारतीय भाषाओं में बीच संवाद सैंकड़ों वर्षों से जारी है और इनका विकास भी साथ-साथ ही हुआ है। मसलन बांग्ला और मैथिली में इतनी समानता है कि उनमें अंतर करना मुश्किल है, इसी तरह अवधी और ब्रज भाषा तथा हिंदी और उर्दू में भी ऐसा ही है। हिंदी और उर्दू दैनिकों की भाषा पर हुए एक शोध में देखा गया कि उनमें केवल 23 प्रतिशत शब्द ही अलग थे। हिंदी पत्रकारिता के विकास में मराठी, बांग्ला और दक्षिण भारतीय भाषाओं के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती। आज पूरे भारत में भारतीय भाषाओं के बढ़ते प्रभाव को देखा जा सकता है। भाषाई पत्रकारिता को हम भारत की आत्मा कह सकते हैं। आज लोग अपनी भाषा के समाचार पत्रों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए भाषाई समाचार पत्रों की प्रसार संख्या तेजी से बढ़ रही है। अलग-अलग बोलियों में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो और टेलीविजन अपने कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिस स्मार्टफोन के द्वारा हम सोशल मीडिया के संपर्क में रहते हैं, वहां भी भारतीय भाषाओं का विशेष ख्याल रखा जाता है।

आज से कुछ समय पहले तक गांवों की खबरों के लिए चार चार दिन तक इंतजार करना पड़ता था, जबकि आज व्हाट्सएप और ईमेल के द्वारा आसानी से खबरें प्राप्त हो रही हैं। जिलों, कस्बों और मोहल्लों से आज अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। ईमेल से अखबारों के पृष्ठ भेजना आसान हो गया है। पहले अंग्रेजी भाषा के अखबारों पर निर्भरता ज्यादा होती थी, जिसके भारतीय पाठक मात्र 15 प्रतिशत हैं। अब जब अलग-अलग बोलियों और भाषाओं में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं, तो सूचना सशक्तिकरण बढ़ रहा है। अब विभिन्न दूतावासों के मीडिया प्रकोष्ठ और विदेशी एजेंसियां भी खबरों के लिए क्षेत्रीय एवं भाषाई मीडिया का लाभ ले रहे हैं। दूसरी तरफ हर अखबार अपने ईपेपर के जरिए दूरदराज के पाठकों तक पहुंच रहा है। हम सब जानते हैं कि इंटरनेट की कोई सीमा नहीं है, ऐसे में क्षेत्रीय अखबार विदेशी धरती पर भी उसी दिन पढ़े जा रहे हैं, जिस दिन वे प्रकाशित होते हैं।



-प्रो संजय द्विवेदी

> आज से कुछ समय पहले तक गांवों की खबरों के लिए चार चार दिन तक इंतजार करना पड़ता था, जबकि आज व्हाट्सएप और ईमेल के द्वारा आसानी से खबरें प्राप्त हो रही हैं। जिलों, कस्बों और मोहल्लों से आज अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। ईमेल से अखबारों के पृष्ठ भेजना आसान हो गया है। पहले अंग्रेजी भाषा के अखबारों पर निर्भरता ज्यादा होती थी, जिसके भारतीय पाठक मात्र 15 प्रतिशत हैं।

**भाषा का संकट**

आप वर्ष 2040 की कल्पना कीजिए। तब तक हमारा भारत विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका होगा। गरीबी, कुपोषण, पिछड़ापन काफी हद तक मिट चुके होंगे। देश के लगभग 60 प्रतिशत भाग का शहरीकरण हो चुका होगा। सारा देश डिजिटल जीवन पद्धति को अपना चुका होगा। अब आप सोचिए कि उस भारत के अधिकतर नागरिक अपने जीवन के सारे प्रमुख काम किस भाषा में कर रहे होंगे? पूरे देश में शिक्षा, प्रशासन, व्यापार, शोध, पत्रकारिता जैसे हर बड़े क्षेत्र में किस भाषा का उपयोग हो रहा होगा? वह देश भारत होगा या सिर्फ.इंडिया? उस इंडिया में संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हमारी 22 बड़ी और 1600 से अधिक छोटी भाषाओं-बोलियों की स्थिति क्या होगी?

यूनेस्को के पूर्व महानिदेशक कोचिरो मत्सूरा ने कहा था कि, एक भाषा की मृत्यु उसे बोलने वाले समुदाय की विरासत, परंपराओं और अभिव्यक्तियों का नष्ट हो जाना है।ह्व संसार में लगभग 6000 भाषाओं के होने का अनुमान है। भाषा शास्त्रियों की भविष्यवाणी है कि 21वीं सदी के अंत तक इनमें केवल 200 भाषाएं जीवित बचेंगी। इनमें भारत की सैकड़ों भाषाएं होंगी। यूनेस्को के अनुसार भारत की आदिवासी भाषाओं में से 196 भाषाएं अभी भी गंभीर संकटग्रस्त भाषाएं हैं। संकटग्रस्त भाषाओं की इस वैश्विक सूची में भारत सबसे ऊपर है। यूनेस्को का भाषा एटलस 6000 में से 2500 भाषाओं को संकटग्रस्त बताता है। भारत की अनुमानित 1957 में कम से कम 1416 लिपिहीन मातृभाषाएं हैं। ये सब इस वक्त संकट में हैं।

यूनेस्को के कहने पर विश्व के श्रेष्ठ भाषाविदों ने किसी भी भाषा की जीवंतता और संकटग्रस्तता नापने के लिए 9 कसौटियां निर्धारित की हैं। इनमें पहली कसौटी है, एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी के बीच उस भाषा का अंतरण। दूसरी कसौटियों में प्रमुख हैं ज्ञान विज्ञान के आधुनिक क्षेत्रों में उस भाषा में काम हो रहा है या नहीं। वह भाषा नई तकनीक और आधुनिक माध्यमों को कितना अपना रही है? उस भाषा के विविध रूपों का दस्तावेजीकरण कितना और किस स्तर का है? उस समाज की महत्वपूर्ण संस्थाओं की उस भाषा के बारे में नीतियां और रुख कैसे हैं? इसमें अंतिम लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कसौटी हैह्णउस भाषा समुदाय का अपनी भाषा के प्रति रुख क्या है, भाव क्या है? इनमें से किसी भी कसौटी पर किसी भी भारतीय भाषा को तोल लीजिए, तुरंत समझ में आ जाएगा कि भविष्य के संकेत संकट की और इशारा करते हैं या विकास की और। भारतीय चरित्र, इजराइली चरित्र जैसा नहीं है, जिसने 2000 साल से मृत पड़ी हिब्रू को आज वैज्ञानिक शोध, नवाचार और आधुनिक ज्ञान निर्माण की श्रेष्ठतम वैश्विक भाषाओं में एक बना दिया है। जिसके बल पर 40 लाख की जनसंख्या वाला इजरायल एक दर्जन से ज्यादा विज्ञान के नोबेल पुरस्कार जीत चुका है। सारे इस्लामी देशों की शत्रुता के बावजूद अपनी पूरी अस्मिता, धमक और शक्ति के साथ अजेय बना विश्व पटल पर विराजमान है।

## खास बात
### डेटा संरक्षण

"हाल ही में आई कुछ खोजपरक रिपोर्टों में कहा गया है कि चीन की डेटा एनालिटिक्स कंपनी शेन्हुआ डेटा इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी ने करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों से जुड़े आंकड़े जुटाए हैं। इन लोगों में कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हैं। सवाल है कि कोई कंपनी किस तरह ऐसे आंकड़े जुटाती है और उनका विश्लेषण करती है? सच तो यह है कि इनमें से बहुत सारा डेटा सार्वजनिक या अर्द्ध-सार्वजनिक होता है। आज का कोई भी व्यक्ति लगातार डेटा पैदा करता रहता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में निजता को मौलिक अधिकार बताया था लेकिन भारत में निजी डेटा की निजता को सुरक्षा देने वाला कानून अब तक नहीं बना है।

अधिकतर लोगों ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई हुई हैं। फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सऐप, ट्विटर, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे तमाम प्लेटफॉर्म पर लोगों के अकाउंट हैं। इसके अलावा लोगों की ईमेल आईडी भी होती हैं जिनमें से ज्यादातर गूगल की जीमेल पर हैं। लोग अपना ब्लॉग बनाते हैं या पेशेवर या निजी वेबसाइट भी बनाते हैं। कई लोगों ने लिंक्डइन और कुछ दूसरी पेशेवर साइट पर भी अकाउंट बना रखे हैं। कुछ लोग अपवर्क और वीवर्क रिमोटली जैसी गिग साइट से भी जुड़े हुए हैं। अकादमिक विशेषज्ञ अपने शोधपत्रों एवं उद्धरणों का जिक्र करते हैं और उनके विश्वविद्यालय से संबद्धता भी ऑनलाइन नजर आती है। ऐसा बहुत सारा डेटा कानूनी तरीके से और आसानी से जुटाया जा सकता है।

ये डेटा संग्राहक (कलेक्टर) किसी के कामकाजी जीवन, आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक पृष्ठभूमि, मनोरंजन संबंधी पसंद, दोस्तों, राजनीतिक रुझान और सामाजिक दृष्टिकोण जैसे तमाम पहलुओं के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं। किसी व्यक्ति की किसी जगह पर मौजूदगी संबंधी जानकारी भी उपयोगी होती है। निजता संबंधी प्रस्तावित कानून में भी इसे निजी डेटा नहीं माना गया है। फूड डिलिवरी सेवा और टैक्सी कैब जैसे कई कारोबार स्थान संबंधी जानकारियों पर आधारित होते हैं।

# अवलंबन का त्याग

## धर्म-प्रवाह



**श्री राम शर्मा आचार्य**

मधुमक्खी और भोरे केवल पुष्पों की समीपता से ही जीवित रह सकते हैं। जाग्रत आत्माएँ केवल उत्कृष्टता की भूमिका का रसास्वादन करने के लिए जीवन धारण करती हैं। यह स्तर कैसे प्राप्त हो ? कहाँ से प्राप्त हो ? इन प्रश्नों का उत्तर एक ही हो सकता है-ईश्वर की समीपता व उपासना । उपासना हमें वह प्रकाश और मार्गदर्शन प्रदान करती है, जिससे समस्त उत्कृष्टताओं का समुच्चय भगवान हमारे समीप आता है और अपनी श्रेष्ठताओं से हमें ओत-प्रोत कर देता है।

प्रकृति और परमेश्वर के संयोग से यह जगत बना है। प्रकृति जड़ है। उसमें जड़ता और तमोगुण ही भरा है। स्थूल पदार्थ केवल इन्द्रिय सुख दे सकते हैं। वे वासना का क्षणिक सुख और तृष्णा का भ्रम जंजाल पैदा कर सकते हैं, उत्कृष्टता उनमें नहीं। उत्कृष्टता तो उच्चस्तरीय उस स्थिति में हैं, जिसे ईश्वर की समीपता कहते हैं। ईश्वर उत्कृष्ट है, वही हमें उत्कृष्टता प्रदान कर सकता है। संतोष और आनंद से अंतःकरण को परिपूर्ण कर सकने वाली स्थिति उत्पन्न करने की क्षमता ईश्वर की समीपता में है और उसी को प्राप्त करने के लिए उपासना की जाती है। इस आवश्यक नित्यकर्म का पालन करना ही हमारे लिए उचित है। उत्कृष्टता की अनुभूतियों के संपर्क में आकर ही हम उन दैवी संपदाओं के अधिपति बन सकते हैं, जिन्हें प्राप्त करने के लिए यह महान मानव जीवन उपलब्ध हुआ है।

## फेसबुक

भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती के अवसर पर गोरखपुर स्थित श्री विश्वकर्मा पंचायत मंदिर में पूजा-अर्चना कर लोक-कल्याण की कामना की।

**– योगी आदित्यनाथ**

## रोचक ट्वीट

**श्रद्धा,** संकल्प और सौभाग्य के प्रतीक हरतालिका तीज के पावन पर्व पर समस्त माताओं-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। आप और आपका परिवार सदैव स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहे, यही कामना करता हूँ।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**यह** हमारे लोकतंत्र की ताकत और हर भारतीय का आशीर्वाद है, जिसने मुझ जैसे एक गरीब परिवार के बच्चे को पार्लियामेंट में पहुंचाया।

**– नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड

**आधी आबादी का बोझ**



साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### यूएसए में हिंदी

**'हिंदी'** प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।

**– अभिजित, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

**अब** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।

**– विवेक, हजारीबाग**

# ग्लोबल साउथ और भारत की भूमिका



**सत्यनारायण गुप्ता**

नई दिल्ली में आयोजित जी 20 शिखर सम्मेलन की महत्वपूर्ण उपलब्धियां सर्वसम्मति से पारित नई दिल्ली घोषणा पत्र, भारत - पश्चिमी एशिया - यूरोप आर्थिक कॉरिडोर और अफ्रीकी संघ को जी 20 का स्थाई सदस्य का दर्जा दिया जाना रहीं। कहा जा रहा है कि अपनी अध्यक्षता में आयोजित जी 20 सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल कराकर भारत ने ग्लोबल साऊथ का नेतृत्व करने की दिशा में अपना कदम बढ़ा दिया है।लेकिन ग्लोबल साउथ आखिर है क्या?

संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुसार ग्लोबल साउथ में मोटे तौर पर अफ्रीका लैटिन अमेरिका , कैरेबियाई, एशिया ( इसराइल ,जापान और दक्षिण कोरिया को छोड़कर) और ओशनियां (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को छोड़कर) के देश शामिल हैं। ग्लोबल साउथ के अधिकांश देशों की विशेषता कम आय, घनी आबादी ,खराब बुनियादी ढांचा और अवसर ( राजनीति और सांस्कृतिक )का हाशिए पर होना है । वहीं ग्लोबल नॉर्थ में मोटे तौर पर उत्तरी अमेरिका ,यूरोप, इसराइल, जापान ,दक्षिण कोरिया ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड आते हैं। इस प्रकार जो देश विकसित हैं उन्हें ग्लोबल नॉर्थ और जो देश विकासशील है ग्लोबल साउथ देश कहलाते हैं।

ग्लोबल साउथ शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1969 में राजनीतिक कार्यकर्ता कार्ल आग्लेसबी द्वारा किया गया था।

## विचार

द्वितीय विश्व युद्धोतर काल में विश्व दो ध्रुव में बांटा था । अमेरिका और सोवियत संघ की गुटबाजी से अलग एशिया अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देश तीसरी दुनिया कहलाते थे। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद दूसरी दुनिया का अंत हुआ। तीसरी दुनिया शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 1952 में अल्फ्रेड साबी द्वारा किया गया था।

द्वितीय विश्व युद्धोत्तर काल में तीसरी दुनिया के देशों का नेतृत्व करने वालों में भारत भी था। पहली बार 1955 में इंडोनेशिया के बांडूंग में तीसरी दुनिया (एशिया और अफ्रीका)के देश जुटे।इस सम्मेलन में साझा हितों पर चर्चा के लिए एक मंच की आवश्यकता समझी गई। इस बात पर जोर दिया गया कि विकासशील दुनिया के देशों को दो महाशक्तियों अमेरिका और सोवियत संघ में से किसी एक के साथ गठबंधन करने से बचना चाहिए और इसके बजाय सभी प्रकार के उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ राष्ट्रीय आत्मनिर्णय के समर्थन में एक साथ आना चाहिए।

1961 में युगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन के देशों का प्रथम शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। गुटनिरपेक्ष आंदोलन राज्यों का ऐसा समूह है जो औपचारिक रूप से किसी प्रमुख शक्ति गुट के साथ या उसके विरुद्ध नहीं है गुटनिरपेक्ष आंदोलन राष्ट्रों के एक अंतरराष्ट्रीय संस्था हैं।इन्होंने निश्चय किया कि वे विश्व के किसी भी पावर ब्लॉक के संग या विरोध में नहीं रहेंगे।

गुटनिरपेक्ष आंदोलन की शुरूआत भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के राष्ट्रपति मार्शल टीटो, मिस्त्र के राष्ट्रपति नासिर, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकार्नो और घाना के एन- क्रूमा के नेतृत्व में हुआ। इस समय गुटनिरपेक्ष देशों की कुल संख्या 120 है और 17 देश पर्यवेक्षक के रूप में शामिल है। जनसंख्या की दृष्टि सबसे बड़ा देश कौन है तथा एक लोकतांत्रिक देश के कारण गुटनिरपेक्ष आंदोलन में भारत की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही। लेकिन सोवियत संघ के साथ घनिष्ठ के कारण भारत की भूमिका पर प्रश्न चिह्न भी लगे। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद दो ध्रुवीय विश्व का अंत हुआ और तब गुटनिरपेक्ष आंदोलन की प्रासंगिकता पर भी प्रश्न उठने लगे।

# व्यक्तिगत संबंध और व्यवसायिक विकास का जीवन पर असर



**एडी बाधवा**

व्यक्तिगत संबंध और व्यवसायिक विकास क्या किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत संबंधों का असर उसके व्यवसायिक विकास पर पड़ता है? यह प्रश्न कई बार पूछा जाता रहा है। मेरे विचार से इसका उत्तर सकारात्मक है, अर्थात व्यक्ति के संबंध लोगों से अच्छे हों तो वह अपने व्यवसायिक जीवन में अधिक सफलता प्राप्त करता है। भारत में हाल में जी 20 की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक से पूर्व सबको यही ज्ञात था कि इस बैठक के बाद शायद ही साझा वक्तव्य जारी हो सके, क्योंकि अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य यूरोप के देश यूक्रेन के युद्ध के कारण रूस के विरुद्ध कड़ा निंदा प्रस्ताव ला कर उसे वक्तव्य में शामिल करेंगे। साथ ही वे चीन के साथ भी ऐसा करना चाहेंगे। शायद इसी कारण रूस और चीन के राष्ट्रपति इस बैठक में नहीं आए।

इसके विपरीत भारत रूस से अपने संबंधों के कारण रूस के विरुद्ध कड़ा प्रस्ताव लाने से बचना चाहता था पर साथ में वह यह भी चाहता था कि उसकी अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में साझा प्रस्ताव अवश्य पारित हो जाए। और अंत में वही हुआ जो भारत चाहता था, साझा प्रस्ताव पारित भी हो गया और किसी देश को ऐसा भी नहीं लगा कि यह उसके विरुद्ध है। सब ने माना कि ऐसा इस कारण हो सका कि भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सब के साथ व्यक्तिगत संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने अपने व्यक्तिगत संबंधों का सहारा लिया और सभी राष्ट्र परमुखों को इसके लिया मना लिया। एक असंभव सा लगने वाला कार्य संभव हो गया । यह एक बहुत ही सशक्त उदाहरण है यह बताने को कि अगर हम अपने जीवन में लोगों में व्यक्तिगत संबंध ठीक रखेंगे तो हमारा व्यवसायिक विकास भी होगा। एक कर सलाहकार के रूप में मैने भी पाया है कि मेरे पास अधिकांश कार्य मेरे व्यक्तिगत संबंधों के कारण आए है। हर व्यक्ति यह चाहता है कि उसके निवेश या कर संबंधी कार्य को ऐसा सलाहकार करे जिस पर वह विश्वास कर सके। ऐसे में जो मुझे जानते थे उन्होंने अपने कर या निवेश से संबंधित कार्य मुझे ही दिए। एक ग्राहक के रूप में भी जब मैं स्वयं को देखता हूं तो मुझे उस दुकान में जाना ज्यादा अच्छा लगता है जिस दुकानदार को मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं और जो मेरी व्यक्तिगत समस्याओं को भी समझता है। कई बार मैं एक नई दुकान में गया और खरीददारी करने के बाद मैने पाया की मेरे पास पर्याप्त पैसे नहीं हैं। दुकानदार ने मेरे पर विश्वास किया और मुझे समान दे दिया। अब मेरी हमेशा यह चेष्टा होती है कि मैं उसी दुकान से खरीददारी करूं जिसने मुझ पर विश्वास किया था। हम सबको चाहिए कि अगर हम जीवन में विकास करना चाहते हैं, तो लोगों से अच्छे संबंध बनाए रखें। संबंध हमेशा अपना मूल्य समय आने पर चुकाते हैं।

**(लेखक कॉस्ट अकाउंटेंट, कर/ वित/ निवेश सलाहकार हैं।)**

## विचार

**अगर हम अपने जीवन में लोगों में व्यक्तिगत संबंध ठीक रखेंगे तो हमारा व्यवसायिक विकास भी होगा। एक कर सलाहकार के रूप में मैने भी पाया है कि मेरे पास अधिकांश कार्य मेरे व्यक्तिगत संबंधों के कारण आए है। हर व्यक्ति यह चाहता है कि उसके निवेश या कर संबंधी कार्य को ऐसा सलाहकार करे जिस पर वह विश्वास कर सके।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नयी प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ गठन

अमित कुमार सिन्हा बने सचिव

**रामगढ।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नयी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा को प्रदेश सचिव बनाया गया है। यह जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने दी। वहीं, प्रदेश सचिव बनाए जाने पर अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि संगठन द्वारा जो दायित्व सौंपा गया है उसपर खरा उतरते हुए पत्रकारों के हित में हमेशा कार्य करता रहुंगा। साथ ही कहा कि पत्रकारों के हित को ध्यान में रखकर .झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। वहीं, संगठन से अधिक से अधिक पत्रकारों को जोड़कर इसे सशक्त बनाया जाएगा। उनके प्रदेश सचिव बनने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

### सुहागिन महिलाओं ने पति जीवन यश को लेकर किया हरतालिका तीज व्रत



**रामगढ़।** शहर सहित जिलाभर में सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने पति की दीघार्यु होने की कामना को लेकर हरतालिका तीज व्रत उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखा। साथ ही महिलाओं ने विधि पूर्वक पुरोहितों की देखरेख में फूल, वेलपत्र, पेडकिया आदि सामग्रियों के साथ भगवान शंकर एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना कर पति के दीघार्यु होने व पारिवारिक सुख समृद्धि की कामना किया। मौके पर सुहागिन महिलाओं ने पुरोहितों की देखरेख में पूजा अर्चना कर तीज व्रत की कथा सुनी। मंगलवार की अहले सुबह महिलाओं ने स्नान के उपरांत प्रसाद ग्रहण कर पारण किया।

### कुजू कोयलांचल में सुहागिनों ने धूमधाम के साथ मनाया तीज व्रत



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में सुहागिनों का पर्व हरतालिका तीज धूम धाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पंडित द्वारा सोमवार को महिलाओ को भगवान शिव- पार्वती की पूजा अर्चना कराया गया। साथ ही सुहागिनों ने अपने-अपने पति की लंबी उम्र व सुख समृद्धि के लिए कामना की।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**चरही।** बीते रविवार देर शाम को चरही थाना क्षेत्र के श्यामपट्टी के पास एक अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक सवार को ठोकर मार दिया। जिस क्रम में सड़क पर गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया। ठोकर मारने वाला वाहन भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि घायल व्यक्ति चुरचू थाना क्षेत्र के डूमर निवासी रोहित टुडु बताया जाता है ये व्यक्ति अपनी बाइक नंबर जेएच 09 सी जेड/9812 से किसी काम से चरही आया हुआ था। घर लौटने के क्रम में यह हादसा हुई।

### चरही में मनाया गया हरतालिका पर्व

**चरही।** चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में सोमवार को हरतालिका (तीज) को लेकर महिलाओं मे काफी उत्साह देखा गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु के लिए 24 घण्टे निर्जला उपवास कर भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना किया। रात भर महिलाओं ने भजन कीर्तन करती रही। सुबह स्नान कर पूजा स्थल के सभी सामग्रियों को नदी में प्रवाहित कर पारन की।

### विश्वकर्मा पूजा संपन्न

**चरही।** चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में देवताओं के शिल्पीकार भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ किया गया। मोटर मालिकों, गैरेजों,फैक्ट्रियों तथा सीसीएल के विभिन्न कोलियरियों में भगवान की मूर्तियों को स्थापित कर भव्य पूजा-अर्चना किया गया। महाआरती करने के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**चरही।** सोमवार को चुरचू प्रखंड के तहत चुरचू में अवस्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला शिविर का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल। इन्होंने स्वास्थ्य मेला शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विधायक पटेल ने कहा कि इस तरह के शिविर का आयोजन होने से ग्रामीणों की सहूलियत मिलेगी। साथ ही हर प्रकार की बीमारियों का इलाज भी हो पाएगा। मांडू विधायक जेपी पटेल ने बारी-बारी से लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया। इस स्वास्थ्य मेला शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क इलाज एवं दवाइयों का वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य मेला शिविर में चुरचू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक राम,जिप सदस्य बासुदेव करमाली,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,उप प्रमुख संजय कुमार सिंह,आरीफ अंसारी,भोला महतो,श्याम सुंदर भारती,राजेश सिंह,संजीत कुमार यादव,पूर्व मुखिया धनेश्वर सिंह,सुधीर कुमार,जुगल किशोर साव,हुलास महतो,जलेश्वर महतो,रियाजुल हुसैन,हेमलाल महतो सहित विभिन्न पंचायत के महिला पुरुष और ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मदिन मनाया



**कुजू।** नगर परिषद क्षेत्र के एएनएच 33 बोंगाबार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉप्लेक्स में भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 73वां जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता नप अध्यक्ष मनोज गिरि व संचालन प्रखंड मंत्री डिंपल प्रजापति ने किया। कार्य्रकम में मुख्य रूप से मौजूद ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिदिन जगेश्वर प्रजापति ने कार्यकताओं के साथ मिलकर केक काटकर नरेंद्र मोदी को बधाई दिया। साथ ही कार्यकताओं ने एक दूसरे को केक खिलाया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि जिस रफ्तार से देश का विकास हो रहा है। कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर मनोज, डिंपल, अशोक, पिंटू, शिवकुमार, रवि, विजय, राजेश, तेज, देवेंद्र गिरी, प्रकाश केसरी, दशरथ प्रसाद केसरी, सुखदेव सोनी, जनक प्रसाद साहू आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में दम्पति सहित पुत्री की मौत

**बेटा सुरक्षित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** एनएच-23 रामगढ़-बोकारो मार्ग स्थित चितरपुर में सोमवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे एक सड़क दुर्घटना में एक पुरुष, महिला और बच्ची की मौत हो गई है। जबकि दुर्घटना में एक लड़का बच गया है। जानकारी के अनुसार रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर के समीप बैंक ऑफ इंडिया के निकट दोपहर बाद 1:30 बजे के करीब गोला की ओर से रामगढ़ आ रहे एक बाइक को एक टेलर ने अपने चपेट में ले लिया जिसमें बाइक चला रहे व्यक्ति लइयो निवासी प्रवीण रविदास, उनकी पत्नी और एक छोटी बेटी मुन्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि इस दुर्घटना में प्रवीण रविदास का बेटा सुरक्षित है।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े। जानकारी के अनुसार प्रवीण रविदास गोला के हलमाद (ससुराल) से अपने घर लइयो लौट रहा था। इस दौरान यह दुर्घटना घटी। इधर, रजरप्पा पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। वहीं लोगों ने पीछा कर गोला में टेलर को पकड़ लिया है।



सड़क पर पड़ा दम्पति की शव

# 'चलो करो आवास पूरा' अभियान को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित सभागार में 'चलो करो आवास पूरा' अभियान को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता बीडीओ वेदवंती कुमारी ने की। बैठक में मौजूद प्रमुख, उपप्रमुख, सभी 18 पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, प्रखंड समन्वयक व रोजगार सेवक? को अभियान की सफलता में अहम भूमिका निभाने की अपील की गई। बताया गया कि घर घर जाकर लाभुको को आवास पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में बीडीओ वेदवंती कुमारी ने कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्रमुख संगीता कुमारी, उपप्रमुख ममता सिंह, प्रखंड समन्वयक रिंकू कुमार, मुखिया कुमारी श्रीति पांडेय, मुखिया नूरजहां, मुखिया कुवांरी बखला, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, मुखिया मो. एखलाक, मुखिया पिंकी राणा, झमन सिंह भोक्ता, जयप्रकाश केसरी, आदित्य दांगी, मोसर्रत परवीन, धनेश्वरी देवी, कलावती देवी, सोनी कुमारी, अनवारूल हक, दिलीप कुमार पासवान पंचायत सचिव गजाधर साव, रोजगार सेवक लखन रविदास, पंसस, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व प्रखंडकर्मी मौजूद थें।

## विवाहिता की हत्या कर पेड़ से लटकाया

### दस माह पूर्व प्रेम प्रसंग मे हुई थी शादी

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी थाना क्षेत्र के हटकौना जंगल में विवाहिता का शव पेड़ से लटका मिला। प्रेम प्रसंग मामले में गणेश भुईयां की पुत्री छबीली देवी की शादी दस माह पूर्व शिवनाथ गंझु के पुत्र महादेव गंझु से विधिवत हिंदू रीति रिवाज से की गई। शादी के बाद मायकेवालो ने बतौर दहेज एक लाख रूपया लड़का पक्ष वालो को दिया था। मगर लालची ससुरालवाले लड़की से हमेशा दहेज मे बाइक और पैसे की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इसी बीच गत शुक्रवार को युवती की हत्या कर पति महादेव गंझु अपने ससुराल मे खबर दी कि छबीली आज से गायब है। दो दिनो तक खोजबीन के बाद जब छबीली नही मिली तो, थाने मे गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। हत्या के शक को लेकर जबब मायके व लखनु गांव वाले जंगल में खोज कर रहे थे, तब छबीली पेड़ से लटकी मिली। इधर शव मिलते ही पति महादेव गंझु कटकमसांडी थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर मृतक के पति को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। इधर पुत्री की मरने की खबर पाकर पिता गणेश राम गुजरात से जहाज से पहुंचा और फफक फफक कर रो पड़ा।

## सुहागिनों ने निर्जला उपवास रख मनाई हरितालिका तीज पर्व



**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को हरितालिका तीज पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर भुरकुंडा कोयलांचल, भदारीनगर, बासल आदि क्षेत्रों के शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु महिलाएं पहुंची। तीज पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीघार्यु कामना को लेकर दिन-रात निर्जला उपवास पर रहीं। मंगलवार की सुबह स्नान-ध्यान कर पूजा व दान के पश्चात हरितालिका तीज का प्रसाद सेवन कर सुहागिन महिलाएं हरितातिका तीज व्रत का पारण करेंगी।

## दारू मे आज से पाँच दिवसीय गणपति पूजा का शुभारम्भ

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** दारू प्रखंड के दारु पंचायत अंतर्गत बासोबार रोड फुटबॉल मैदान के समीप पांच दिवसीय गणपति पूजा का शुभारंभ आज 19 सितंबर 2023 दिन मंगलवार से होगा। इस पूजा की शुरूआत दिवंगत अनंत कुमार सिंह उर्फ अंतू के द्वारा सन 2003 में किया गया था जिसमें आचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा, बजरंग कुमार सहाय, भैया संतोष सिन्हा, राजन सिन्हा, रोशन सिन्हा, दशरथ कुमार दास, पिंटू दास, नागेंद्र सिन्हा, सुरेंद्र पासवान, नारायण दास, संजय कुमार दास, बालेश्वर प्रसाद आदि का अहम योगदान था। श्री श्री गणपति पूजा समिति के संयोजक भैया नवजीत ने बताया की इस वर्ष 21 सितंबर दिन गुरुवार को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है और 22 सितंबर को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस वर्ष पूजा के उपलक्ष्य पर मीना बाजार मेला भी लगाई जा रही है जो कि लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। पूजा को सफल बनाने के लिए आचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा, बजरंग, नवजीत, राजकुमार, राजन, रौशन, नागेश्वर, शिवचरण, नागेंद्र, दशरथ, अंकित, राहुल, रॉकी रवानी, आलोक राज अपना अहम योगदान दे रहे है।

## पतरातू क्षेत्र की समाजसेविका निशि पांडेय ने आजसू पार्टी के सदस्यता से दिया इस्तीफा

# कहा क्षेत्र के गरीब-जरूरतमंद, किसान की करती रहूंगी मदद

खबर मन्त्र संवाददाता



निशि पांडेय

**भुरकुंडा।** बड़कागांव विधानसभा के पतरातू क्षेत्र की समाजसेविका निशि पांडेय ने आजसू पार्टी के सदस्यता से इस्तीफा दे दी है। उन्होंने इस्तीफा के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। निशि पांडेय पिछले विधानसभा चुनाव से पहले आजसू के विधानसभा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी को समर्थन देकर आजसू पार्टी में हजारों कार्यकताओं के साथ शामिल हुई थीं। उन्होंने जोरदार और प्रभावी तरीके से चुनाव में प्रचार भी किया था। जिसके कारण वोट प्रतिशत में इजाफा हुआ था। निशि पांडेय ने अपना इस्तीफा देते हुए कहा है कि वह खुद को पार्टी से अलग कर रही हैं। उन्होंने पूर्व में लोगों के समर्थन और आजसू की तरफ से मिले प्रस्ताव के बाद पार्टी का दामन थामा था। चुनाव के बाद उन्हें और उनके सहयोगियों को पार्टी के स्तर से कोई खास दायित्व नहीं दिया गया, जिससे कि वह आमलोगों के बीच जाकर आजसू पार्टी के विचारों को रखतीं। अब वह खुद ही अपने और सहयोगियों के सहयोग से पूर्व की तरह क्षेत्र में लोगों की सहायता करती रहेंगी। वह सक्रिय राजनीति करती रहेंगी और गरीबों तथा पिछड़ों आदि की मदद करने के लिए काम करती रहेंगी। निशि पांडेय ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों की मदद करना और उस घर में दीया जलाना है जहां सदियों से अंधेरा है। साथ ही किसानों को ऑर्गेनिक खेती करने को ले परामर्श और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं घरेलू सहयोग जानकारी सहित हरसंभव मदद करने पर काम किया जायेगा।

## कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल में धूमधाम से मना विश्वकर्मा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना किया गया। इस दौरान सीसीएल के विभिन्न खदानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित किया गया। इधर बलकुदरा माईंस में भी पूजा-पंडाल में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुराहित राजेश पांडेय द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इसके पूर्व पूजा पंडाल का मुख्य अतिथि उद्घाटन बरका-सयाल जीएम अजय सिंह व विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पप्पू सिंह ने बताया कि 19 सितंबर को बलकुदरा में भव्य भंडारा का आयोजन होगा। मौके पर उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिजय कुमार सिंह, पीके सेन गुप्ता, एनके सिंह, आरके वर्णवाल, बबलू कुमार, पंकज कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, धीरेन्द्र सिंह, पप्पू सिंह, शलेन्द्र कुमार सिंह, प्रभाष दास, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, अमरेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, एसएम राजकुमार, मनोज कुमार राम, दयानंद प्रसाद केसरी व अन्य शामिल थें।

## रीता बनी विनोबा भावे विश्वविद्यालय एमए इतिहास की गोल्ड मेडलिस्ट



गोल्ड मेडलिस्ट रीता कुमारी

**उरीमारी (रामगढ़)।** बड़कागांव प्रखंड के सुदूर चानो गांव निवासी प्रभु महतो की बेटी रीता कुमारी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय में अव्वल आकर सफलता का परचम लहराई है। रीता ने इतिहास विषय मे स्नातकोत्तर एमए में पूरे विश्वविद्यालय में टॉपर छात्रा बनकर गोल्ड मेडलिस्ट बनी है। रीता कुमारी की इस सफलता से चानो गांव के साथ-साथ उरीमारी कोयलांचलवासियों में खुशी का माहौल है। टॉपर बनने पर रविवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 32वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं कुलपति सुमन कैथरिन किस्पोटा ने रीता कुमारी को मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। पिता प्रभु महतो किसानी कर अपना परिवार चलाते है। रीता की मां नहीं है। पिता के अलावा दो भाई राजन कुमार सुरेंद्र महतो है। रीता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, भाईयो, गुरूजनो व कठिन परिश्रम को दी है।

## ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के द्वितीय दीक्षांत समारोह में 124 को मिला प्रमाण-पत्र

## हर युवा के हाथ में हुनर की चाबी देने का सपना साकार होता दिख रहा : अजय झा

खबर मन्त्र संवाददाता




प्रमाण-पत्र के साथ प्रशिक्षणार्थी

**बासल (रामगढ़)।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में एनसीवीटी कोर्स फीटर, इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डर ट्रेड से प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिए रविवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि जेएसपी पतरातू के एचआर प्रमुख अजय झा, विशिष्ट अतिथि सीएसआर प्रमुख रवि निवास तथा संस्थान के प्राचार्य संवित कुमार साहू ने वर्ष 2021-23 फीटर, इलेक्ट्रीशियन ट्रेडों तथा 2022-23 वेल्डर ट्रेड में सर्वोच्च अंक से पास किये 124 प्रशिक्षणार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। आईटीआई ट्रेडो में इलेक्ट्रीशियन से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रथम अमर कुमार, द्वितीय उपेंद्र कुमार महतो, तृतीय पवन कुमार, फिटर ट्रेड में प्रथम जिशान अंसारी, द्वितीय राहुल प्रसाद, तृतीय साहिल राज, वेल्डर में प्रथम संजय प्रजापति, द्वितीय शाहीद रजा, तृतीय आशीष कुमार शामिल हैं। मौके पर विशिष्ट अतिथि रवि निवास ने बताया की पहले के मुकाबले आज औद्योगीकरण का विकास तेजी से हुआ है। तकनीकी शिक्षा ग्रहण किये आप लोगों के लिए रोजगार तथा स्वरोजगार के लिए अच्छा मौका है। मुख्य अतिथि अजय झा ने कहा की हर युवा के हाथ में हुनर की चाबी देने का सपना जो जेएसपी के संस्थापक हमारे बाउजी ओम प्रकाश जिंदल ने देखा था। वह इस कॉलेज के माध्यम से साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आईटीआई प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों आपके लिए रोजगार के द्वार खुले हैं। प्राचार्य संवित कुमार साहू ने तकनीकी शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा की बीते वर्षों के मुकाबले देश-विदेशों में तकनीकी का विकास हुआ है। प्राचार्य ने बताया कि सत्र 2021-23 तथा 2022-23 में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को जल्दी प्लेसमेंट मुहैया कराया जाएगा।

## एक नजर में

### दशलक्षण महापर्व 19 से, 10 दिनों तक चलेगा कार्यक्रम



**रामगढ़।** श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा 19 सितम्बर रामगढ़ के श्री दिगम्बर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जीनालय में 10 दिवसीय श्री दशलक्षण महापर्व मनाने का निर्णय लिया गया है प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष मानिक जैन ने बताया की महापर्व का शुभारम्भ 19 सितम्बर को होगा और यह 28 सितम्बर को संपन्न होगा। बताया की इसके तहत प्रति दिन सुबह श्रीजी का जलाभिषेक, शांतिधारा, एवम पूजन पंडित दीपक शास्त्री के सानिध्य मे संपन होगा। श्री जैन ने बताया की प्रथम दिन 19 सितम्बर को उत्तम क्षमा धर्म की पूजा होगी । 20 सितम्बर को उत्तम मार्दव धर्म, 21 सितम्बर को उत्तम आर्जव धर्म,22.09 उत्तम सत्य धर्म, 23 को उत्तम सत्य धर्म, 24 को उत्तम सयम धर्म, 25 को उत्तम तप धर्म, 26 को उत्तम त्याग धर्म, 27 को उत्तम अन्किन्चय धर्म और 28 सितम्बर को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा होगी। 30 सितम्बर को क्षमावाणी मनाया जाएगा। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन, उपाध्याक्ष अरविंद सेठी, सह सचिव नरेंद्र छाबड़ा, कोषाध्यक्ष जंबू पाटनी, मन्दिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा सम्मान योजना से कई कामगारों को मिलेगा रोजगार : मनोज यादव

**बरही।** विश्वकर्मा पर्व के अवसर पर मनोज कुमार यादव ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए विश्वकर्मा सम्मान योजना लांच किए जाने पर कहा कि कामगारों के लिए यह योजना बरदान साबित होगी। उन्होंने बताया कि योजना लांच होने के बाद धीरे-धीरे संबंधित कार्यों से जुड़े कामगारों को योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत कामगारों को दो लाख रुपये तक का रियायती लोन देने के साथ साथ कारीगरों, शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र व आईडी कार्ड प्रदान कर मान्यता भी दी जाएगी। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा सम्मान योजना ऐसे स्वरोजगारी लोगों के लिए है जो मशीनों का इस्तेमाल किए बिना पारंपरिक हथियारों की मदद से काम करते हैं। सरकार ने इसमें बढ़ई, नौका बनाने वाले, लोहार, हथौड़ा एवं औजार बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, पत्थर की कारीगरी करने वाले, चर्मकार, राज मिस्त्री, दरी, झाडू एवं टोकरी बनाने वाले, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले जैसे 18 तरह के कामगारों को शामिल किया है।

### धनवार पंचायत में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद समेत भाजपाईयों ने मनाया पीएम नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मोत्सव



**बरही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मोत्सव पर प्रखण्ड के धनवार पंचायत में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उनका जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद समेत उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर केक काटा और एक दूसरे को खिलाकर नरेंद्र मोदी के लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में अपने उल्लेखनीय कार्यों से लोकप्रिय हो गए हैं। बच्चों से लेकर वृद्ध तक उनके प्रशंसक हैं। उन्होंने देश को नई पहचान दी है। मौके पर नंदलाल प्रसाद उपाध्यक्ष भाजपा पूर्वी मंडल, प्रकाश साव बूथ अध्यक्ष, ब्रह्मदेव यादव बूथ अध्यक्ष, विनय कुमार, राजेन्द्र उर्फ राजन प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव, उमाशंकर राणा, अरविंद कुमार व अन्य शामिल थें।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



गुमशुदा आरक्षी– 765 / सुरेश भगत, पे0–शनिचरवा भगत, ग्राम–घाघरा बस्ती, पो0+थाना –घाघरा, जिला–गुमल दिनांक–10.09.2023 को सदर अस्पताल, हजारीबाग में अपना ईलाज हेतु भर्ती किया गया था, जो अस्पताल से छुटटी लेने के दौरान बिना बताये कहीं चले गए है, और अब तक वापस झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–07 पदमा, हजारीबाग में वापस नहीं लौटे हैं। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलिया:–उम्र–करीब 40 वर्ष, लम्बाई–06 फिट, वनज–लगभग 65 किलो ग्राम, बाल एवं आंख–काला, रंग–गोरा, पहनावा–कथा रंग का टी–शर्ट एवं काला रंग का फूल पैन्ट पहने हुए है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी सदर/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः–
अनु0पु0पदा0 सदर, हजारीबाग :– 9430116928
थाना प्रभारी सदर, हजारीबाग :– 8809609944

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 307223 Police(23-24)#D



**DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI**
**Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008**

**Request for Proposal (RFP)-Notice**

RFP Reference no.-Agri/06/2023-24 Dated: 18.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for Proposal (RFP) for empanelment of Eligible Agencies to Implement & Manage Krishak Pathshala and Birsa Gram under Samekit Birsa Gram Vikas Yojna –sah- Krishak Pathshala Yojna in Jharkhand |
| 2 | Time of completion | Five Years |
| 3 | RFP Document Cost | Rs. 10,000 (Rupees Ten Thousand only) |
| 4 | EMD Amount | Rs. 7,50,000 (Rupees Seven Lacs Fifty Thousand only) |
| 5 | Date of Publication of RFP on Website | Date : **18/09/2023** at **06:00 PM** |
| 6 | RFP Downloading Start Date | Date: **18/09/2023** after **06:00 PM** |
| 7 | Date and Place of Pre-Bid Meeting | Date: **26/09/2023 Time: 03:00 PM** Directorate of Agriculture, 1st floor Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008 Jharkhand |
| 8 | Online RFP Submission Period | Date: **28/09/2023** (06:00 PM) to **10/10/2023** (06:00 PM) |
| 9 | Last date for submission of hard copy/e-mail of RFP documents cost and EMD | Date: **12/10/2023** before **01:00 PM** |
| 10 | RFP Opening Date and Place | Date: **12/10/2023** Time: **03:00 PM** Directorate of Agriculture, 1st floor Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008 Jharkhand |
| 11 | Name and Address of the RFP Inviting Authority | **Shri Sanjay Sinha, IAS** Director Agriculture. Jharkhand,Ranchi. |
| 12 | Contact details of procurement Officer | Email-**directoragriculturejh@ gmail.com** Phone number – **9304866088, 9792631212** |
| 13 | Helpline no. of e-procurement cell | **0651-2230691** |

**Further details can be seen on website-http:// jharkhandtenders.gov.in**

Sd/-
**Director Agriculture, Jharkhand, Ranchi.**

PR 307214 Agriculture(23-24)#D

# समस्त विघ्न बाधाओं को दूर करने वाले, कृपा के सागर भगवान श्रीगणेश



हिंदू धर्म में गणेश उत्सव का विशेष महत्व होता है। यह उत्सव भगवान गणेश के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इस बार गणेशोत्सव 10 दिन के बजाय 11 दिनों तक चलेगा। इस साल गणेश चतुर्थी 25 अगस्त को मनायी जायेगी। इस बार इस दौरान 2 दशमी तिथि पड़ रही हैं क्योंकि 31 अगस्त और 1 सितंबर को दोनो दिन दशमी तिथि रहेगी। भगवान गणेश को इस दौरान कई तरह की मिठाईयां पूजा में चढाई जाती है। गणेश जी को मोदक काफी पंसद होता है यह चावल के आटे,गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। गणेश जी की पूजा दोपहर के समय की जाती है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि भगवान गणेश का जन्म दोपहर के समय हुआ था। हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल चतुर्थी को हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार गणेश चतुर्थी मनाया जाता है। गणेश पुराण में वर्णित कथाओं के अनुसार इसी दिन समस्त विघ्न बाधाओं को दूर करने वाले, कृपा के सागर तथा भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र श्रीगणेश जी का आविर्भाव हुआ था। भगवान विनायक के जन्मदिवस पर मनाया जानेवाला यह महापर्व महाराष्ट्र सहित भारत के सभी राज्यों में हर्षोल्लास पूर्वक और भव्य तरीके से आयोजित किया जाता है। इस साल गणेश चतुर्थी का पर्व 25 अगस्त के दिन मनाया जायेगा। भाद्रपद मास की शुक्ल चतुर्थी को अत्यंत शुभ माना जाता है। भविष्यपुराण अनुसार इस दिन अत्यंत फलकारी शिवा व्रत करना चाहिए। साथ ही इस दिन से दस दिनों का गणेश महोत्सव शुरू होता है। इसबार पंडितों के अनुसार गणेशोत्सव ग्यारह दिनों का होगा।

### पौराणिक कथा

कथानुसार एक बार मां पार्वती स्नान करने से पूर्व अपनी मैल से एक सुंदर बालक को उत्पन्न किया और उसका नाम गणेश रखा। फिर उसे अपना द्वारपाल बना कर दरवाजे पर पहरा देने का आदेश देकर स्नान करने चली गयीं। थोड़ी देर बाद भगवान शिव आये और द्वार के अंदर प्रवेश करना चाहा तो गणेश ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। इसपर भगवान शिव क्रोधित हो गये और अपने त्रिशूल से गणेश का सिर को काट दिया और द्वार के अंदर चले गये। जब मां पार्वती ने पुत्र गणेश जी का कटा हुआ सिर देखा तो अत्यंत क्रोधित हो गयीं। तब ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं ने उनकी स्तुति कर उनको शांत किया और भोलेनाथ से बालक गणेश को जिंदा करने का अनुरोध किया। महामृत्युंजय रूद्र उनके अनुरोध को स्वीकारते हुए एक गज के कटे हुए मस्तक को श्री गणेश के धड़ से जोड़ कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। इस महापर्व पर लोग प्रातः काल उठकर सोने, चांदी, तांबे अथवा मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर षोडशोपचार विधि से उनका पूजन करते हैं। पूजन के पश्चात नीची नज़र से चंद्रमा को अर्घ्य देकर ब्राह्मणों को दक्षिणा देते हैं।

## गणेश चतुर्थी पूजा विधि

नारद पुराण के अनुसार भाद्रपद मास की शुक्ल चतुर्थी को विनायक व्रत करना चाहिए। इस व्रत के करने कुछ प्रमुख नियम निम्न हैं:


- इस व्रत में आवाहन, प्रतिष्ठापन, आसन समर्पण, दीप दर्शन आदि द्वारा गणेश पूजन करना चाहिए।
- पूजा में दूर्वा अवशय शामिल करें।
- गणेश जी के विभिन्न नामों से उनकी आराधना करनी चाहिए।
- नैवेद्य के रूप में पांच लड्डू रखें।
- इस दिन रात के समय चन्द्रमा की तरफ नहीं देखना चाहिए, ऐसा माना जाता है कि इसे देखने पर झूठे आरोप झेलने पड़ते हैं।
- अगर रात के समय चन्द्रमा दिख जाए तो उसकी शांति के लिए पूजा करानी चाहिए।

## क्यों की जाती है सर्वप्रथम गणेशजी की पूजा

हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य या पूजा को शुरू करने से पहले भगवान गणेशजी की पूजा जरूर की जाती है। भगवान गणेश को समृद्धि, बुद्धि और भाग्य का देवता माना जाता है। भगवान गणेश मनुष्यों के कष्ट दूर कर देते है और उनकी पूजा करने से घर में सुख समृद्धि आती है। आखिर सभी देवी-देवताओं में सबसे पहले भगवान गणेश जी की पूजा की जाती है।

ऐसी मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य को शुरू करते समय भगवान गणेश करने से उस काम में किसी तरह की कोई अड़चन नहीं आती है। भगवान गणेश जी पूजा करते समय उस काम में आने वाली बाधा दूर हो जाती है। गणेश जी की सबसे पहले पूजा करने की कथा शिवपुराण में बताई गई है। एक बार सभी देवता में कौन सर्वश्रेष्ठ है इस बात को लेकर बहस हो गयी। तब इस समस्या को लेकर सभी देवता भगवान शिव के पास पहुंच गये। तब भगवान शिव ने सभी देवताओं के सामने एक प्रस्ताव रखा कि जो भी पहले पृथ्वी की तीन बार परिक्रमा लगाकर कैलाश लौटेगा वह ही सभी देवताओं में सबसे पहले पूजा जाएगा। भगवान शिव का आदेश मिलते ही सभी देवता पृथ्वी के चक्कर लगाने के लिए निकल पड़े। भगवान गणेश अपनी बुद्धि के कारण उन्होंने अपने पिता शिव और माता पार्वती के ही तीन बार परिक्रमा करके उनके सामने खड़े हो गये। तब भगवान शिव प्रसन्न होकर कहा कि जो भी मनुष्य किसी कार्य को करने से पहले भगवान गणेश की पूजा करेगा उसमें कभी भी किसी प्रकार की बाधा नहीं आयेगी।

## महाराष्ट्र में गणेश चतुर्थी



वैसे तो गणेश पूजा का जोश संपूर्ण भारत में नजर आता है लेकिन महाराष्ट्र का गणेशोत्सव दुनियाभर में मशहूर है। यहां इसे विनायक चौथ के नाम से भी जाना जाता है। गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ यह गणेश महोत्सव 10 दिनों तक चलता है। इन दस दिनों में महाराष्ट्र का यह आध्यात्मिक रंग देखने लायक होता है। अंतिम दिन विभिन्न घाटों और सागर तट पर गणेश मूर्ति का विसर्जन किया जाता है।

## गणेश जी की आरती

### गणेश आरती

हिंदू धर्म में गणेश जी को प्रथम पूजनीय माना जाता है। हर शुभ कार्य से पहले गणेश जी की पूजा की जाती है। भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र माने जाने वाले श्री गणेश जी के पूजा में उनकी आरती का विशेष महत्व है जो निम्न है।

जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥ जय...

**एक दंत दयावंत चार भुजा धारी।**
**माथे सिदूर सोहे मूसे की सवारी ॥ जय...**

अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया।
बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया ॥ जय...

**पान चढे.फल चढे.और चढे.मेवा।**
**लड्डुअन का भोग लगे संत करें सेवा ॥ जय...**

ह्यसूरह्न श्याम शरण आये सफल कीजे सेवा
जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ॥ जय...

## भक्ति मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं भगवान शिव

हिन्दू धर्म में भगवान शिव को त्रिदेवों में गिना जाता है। भगवान शिव को कोई रुद्र तो कोई भोलेनाथ के नाम से पुकारता है। माना जाता है कि भगवान शिव भक्त की भक्ति मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव की पूजा में विशेष नियम नहीं होते। भगवान शिव का मंत्र भी बेहद आसान है। भगवान शिव की आराधना के लिए निम्न आरती का पाठ करना चाहिए।

**कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्रहारं**
सदा वसन्तं हृदयाविन्दे भंव भवानी सहितं नमामि ॥



जय शिव ओंकारा हर ॐ शिव ओंकारा`
ब्रम्हा विष्णु सदाशिव अर्द्धांगी धारा ॥
ॐ जय शिव ओंकारा......
एकानन चतुरानन पंचांनन राजे`
हंसासंन ,गरुड़ासन ,वृषवाहन साजे॥
ॐ जय शिव ओंकारा......
दो भुज चारु चतुर्भज दस भुज अति सोहें`
तीनों रुप निरखता त्रिभुवन जन मोहें॥
ॐ जय शिव ओंकारा......
अक्षमाला ,बनमाला ,रुण्ड़मालाधारी`
चंदन , मृदमग सोहें, भाले शशिधारी ॥
ॐ जय शिव ओंकारा......
श्वेताम्बर,पीताम्बर, बाघाम्बर अंगें
सनकादिक, ब्रम्हादिक ,भूतादिक संगें
ॐ जय शिव ओंकारा......
कर के मध्य कमड़ंल चक्र ,त्रिशूल धरता`
जगकर्ता, जगभर्ता, जगसंहारकर्ता ॥
ॐ जय शिव ओंकारा......
ब्रम्हा विष्णु सदाशिव जानत अविवेका`
प्रवणाक्षर मध्यें ये तीनों एका ॥
ॐ जय शिव ओंकारा......
काशी में विश्वनाथ विराजत नन्दी ब्रम्हचारी`
नित उठी भोग लगावत महिमा अति भारी ॥
ॐ जय शिव ओंकारा......
त्रिगुण शिवजी की आरती जो कोई नर गावें`
कहत शिवानंद स्वामी मनवांछित फल पावें ॥
ॐ जय शिव ओंकारा.....
जय शिव ओंकारा हर ॐ शिव ओंकारो
ब्रम्हा विष्णु सदाशिव अर्द्धांगी धारा॥
ॐ जय शिव ओंकारा...

# सामाजिक क्रान्ति का पर्व है गणेशोत्सव



**रमेश सर्राफ धमोरा**

भगवान गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता हैं। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के देवता की पूजा करते हैं। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नौ दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नौ दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाइयों के साथ मोदक चढ़ाई जाती है। जिसे चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है।

**जय गणेश**

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगों मे अंग्रेजों के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगों में अंग्रेजों के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 में अंग्रेजों ने भारत में एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून में किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

### पौराणिक कथा

गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नों के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप

1894 से पहले लोग अपने अपने घरों में गणपति उत्सव मनाते थे, लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजों को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएंगे, अंग्रेज पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम में एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी, लेकिन किसी धार्मिक समारोह में उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्टूबर 1894 से 30 अक्टूबर 1894 तक पहली बार दस दिनों तक पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव मनाया गया। लोकमान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 में पुणे के शनिवारवाड़ा में 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई।

## स्पीड न्यूज

### भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन ने किया श्रमिकों का सम्मान

**लोहरदगा।** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन-(झारखंड) के तत्वाधान में यूनियन लीडर महेश कुमार के नेतृत्व में माल गोदाम श्रमिकों को लेकर श्रमिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर केंद्रीय कमेटी मेंबर डॉक्टर जाकिर हुसैन ने कहा माल गोदाम निर्माण मजदूरों को लिए बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि बीआरएमजीएसयू द्वारा बहुत जल्द माल गोदाम श्रमिकों के लिए इंश्योरेंस पेपर का वितरण के साथ में मिलेंगे पीएफ पेंशन , आईडी कार्ड इत्यादि का लाभ । मौके पर झारखंड फाउंडर लीडर अरुप काईवार्ता ने कहा? श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा स्कूल ड्रेस , इत्यादि देने की भी तैयारी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित( रेल्वे गुड शेड) माल बाबू सुमन कुमार ने कहा वो हमेशा माल गोदाम श्रमिकों के दुख सुख मे साथ रहेंगे,साथ ही गुड शेड में पेय जल, शौचालय इत्यादि का प्रावधान जल्द ही व्यवस्था की जाएगी।कार्यक्रम में संचालन फूलचंद उरांव, यूनियन लीडर -सह आदिवासी छात्र संघ जिला महासचिव ने किया। कार्यक्रम में श्रमिक को सम्मानित करते हुए मिठाई का भी वितरण किया गया।

### अज्ञात अपराधियों ने घर के बाहर फायरिंग की, लोग दहशत में

**कैरो।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खरता गांव में फायरिंग से ग्रामीण दहशत में हैं। मामले में प्राप्त जानकारी अनुसार खरता गांव निवासी सुरेश साहू के घर के समीप रविवार के अहले सुबह लगभग ढाई से तीन बजे के बीच अज्ञात लोगों द्वारा चार फायर करने का आवाज सुना गया। फायरिंग के बाद सुरेश साहू सहित आसपास के लोग उठ गए। जिसके बाद घटना की सूचना कैरो थाना पुलिस को दी गई है। कैरो थाना पुलिस घटना की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सुरेश साहू का कहना है कि फायरिंग के बाद घर उसके घर के दरवाजा को भी खटखटाया गया था। चार फायर लगातार किया गया। बताया जा रहा है कि दहशत फैलाने के लिए फायर की गई थी। इससे पहले खरता गांव में विगत दो अगस्त को ससुराल में रह रहे दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक चंदवा थाना क्षेत्र के मसियातु गांव का रहने वाला था।

### भाजयुमो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष मनीष शिखर की अध्यक्षता में एवं सजल कुमार के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सदर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,बालकृष्ण सिंह एवं डॉ सनल शानू बरवार के द्वारा किया गया। मौके पर ओम प्रकाश सिंह ने कहा रक्तदान कर दूसरे जरूरतमंदों को खून की कमी की पूर्ति करना मानव जीवन का परम कर्तव्य है इसलिए रक्तदान को महादान भी कहा गया है भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा की युवाओं के द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को रक्त की पूर्ति कर मदद की जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है लेकिन हम सभी सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन का निर्वहन कर रहे हैं अतः हमारा परम कर्तव्य है की हर एक जरूरतमंद को हर संभव खून की कमी को दूर किया जा सके ।

### अज्ञात चोरों ने बोलेरो वाहन की चोरी की पीड़ित ने घाघरा थाने में की शिकायत

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय के कॉलेज रोड से अज्ञात चोरों ने रविवार की रात्रि बोलेरो वाहन की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित सेहल ग्राम निवासी मनोज कुमार प्रजापति ने घाघरा थाना में सोमवार को लिखित आवेदन देकर चोरी की शिकायत की है। इस संबंध में पीड़ित मनोज कुमार प्रजापति ने बताया कि वह अपने बोलेरो वाहन को विमरला कंपनी में सुनील कुमार रंजन को एग्रीमेंट कर भाड़ा पर विगत 30 अगस्त से दिया था। जिसकी सारी जिम्मेवारी उसी की रहती थी और वे लोग कॉलेज रोड में एक घर में रहते थे। कल रात को भी वे गाड़ी घर के बाहर की रखे थे। जहां सुबह गाड़ी नही दिखा। जिसके बाद सोमवार की सुबह इसकी सूचना सुनील द्वारा मुझे दी कि आपका बोलेरो वाहन को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है जिसके बाद घाघरा थाना में आकर लिखित आवेदन दिया गया है।

### युवक ने गले में रस्सी बांध कुएं में छलांग लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में 28 वर्षीय युवक अमित खलखो पिता मरियानुस खलखो ने घर के समीप बने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार देर रात की है। घटना के संबंध में मृतक की बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा भाई पिछले तीन चार दिनों से मानसिक रूप से बीमार था। इस दौरान उसका दिमाग भी विचलित रहता था। इसी क्रम में वह रात को बिना किसी को बताए घर से बाहर निकल गया। जब हमलोग उसे घर पर नहीं देखा तो उसे ढूंढने निकले। जिसके बाद सुबह में घर के समीप कुएं में उसकी लाश मिली। उसने अपने गले में रस्सी बांध कर कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इधर घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव एस आई आलोक कुमार,प्रियंका तिर्की अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### अज्ञात ट्रैक्टर के धक्के से स्कूटी सवार दो महिला गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के पीपल चौक के समीप अज्ञात ट्रैक्टर के धक्के से स्कुटी सवार हेसाग गांव निवासी नीरा कुजूर पति विशाल कुजूर उम्र 25 वर्ष एवं पूनम टोप्पो पति कमल टोप्पो उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों महिला अपने स्कूटी से बस स्टैंड से ब्लाक मोड़ की ओर जा रही थी। तभी पीपल चौक के समीप पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे दोनों महिला गिर गई। जिसमें नीरा कुजूर का बांया पैर टूट गया वहीं पूनम टोप्पो के चेहरे एवं कमर में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित मौके से फरार हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायल महिलाओं को टेंपो में बैठाकर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया।

# चबूतरा ध्वस्त करने पर बवाल, मंत्री बन्ना भड़के, कहा- पुराने स्थान पर ही होगी पूजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल की टीम द्वारा कदमा मिल्कीराम होटल के पास भूखंड को चाहरदिवारी करने के दौरान दुर्गापूजा का चबूतरा ध्वस्त करने पर आज बवाल हो गया। चबूतरा ध्वस्त करने की कार्रवाई सुबह 8.30 बजे की है। इसका पुरजोर विरोध एन-1 टाइप दुर्गापूजा कमेटी की टीम ने किया। टाटा कंपनी द्वारा कदमा में एलाइड दुर्गा पूजा समिति, एन-1 टाइप में मां दुर्गा की पूजा बेदी तोड़ने की खबर जैसे ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को मिली वे भड़क गए। तुरंत अपने पुराने आंदोलनकारी रूप में वे घटना स्थल पर पहुंचे और टाटा स्टील यूआइएसएल के वरिष्ठ अधिकारी निर्मल सिंह एवं सुरक्षा अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। बन्ना गुप्ता ने ना केवल बाउंड्रीवाल का काम रुकवा दिया बल्कि कंपनी द्वारा जितनी दीवार खड़ी की गई थी, स्वयं खड़े होकर उसे जेसीबी से तुड़वा दिया। उसके बाद बन्ना गुप्ता ने टाटा कंपनी द्वारा तोड़ी गई पूजा वेदी पर माथा टेककर पूजा अर्चना की। बन्ना गुप्ता ने नारियल फोड़ कर पुनः पूजा वेदी के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कंपनी अधिकारियों को चेताते हुये कहा कि मां दुर्गा की पूजा उसी स्थान पर होगी, कंपनी अपनी हद में रहे। उन्होंने कहा कि कंपनी आस्था के साथ खिलवाड़ न करें नहीं तो वे आंदोलन करेंगे और स्वयं सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत कंपनी के उच्च अधिकारियों से करेंगे। बन्ना गुप्ता ने उग्र रुप अख्तियार करते हुये घोषणा की कि वे अपने निजी कोष से माँ की वेदी का निर्माण कराएंगे, निर्माण कार्य मंगलवार से ही आरंभ होगा और स्वयं भी कारसेवा करेंगे।

**1934 से हो रही है दुर्गापूजा : नीरज सिंह :** दूसरी ओर भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने बताया कि कदमा एन 1 टाइप में आयोजित होने वाले एलईडी दुर्गा पूजा समिति जो की सन 1934 से दुर्गा पूजा का आयोजन करते आ रही है। इस वर्ष पूजा समिति की 90 वर्षगांठ पूरा होने को है। मगर कुछ दिनों पहले टाटा स्टील और जिसको प्रबंधन द्वारा पूजा स्थल को बिना समिति के अनुमति के घेर दिया गया था। आज सुबह जुस्को के द्वारा वहां कई वर्षों से स्थापित पूजा की बेदी को बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ दिया गया। जिसकी सूचना पाकर हमलोगों ने इसका पुरजोर विरोध किया। इसके बाद मौके पर कदमा थाना प्रभारी अशोक कुमार राम सी सी आर डीएसपी अनिमेष गुप्ता और एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट पहुंचे और जुस्को की गुंडा पार्टी और अधिकारियों को फटकार लगाया। इस विरोध को देखते हुए वहां जुस्को द्वारा कार्य रोक दिया गया और और पूजा स्थल में आने जाने के लिए में रोड की ओर से बाउंड्री को तोड़कर पूजा स्थल के लिए रास्ता दिया गया। मौके पर नीरज सिंह ने कहा कि जुस्को हमेशा अपनी मनमानी करती है। मानगो डिमना रोड में आयोजित होने वाली दुर्गा पूजा के आयोजन को बाधित करने की कोशिश पूर्व में जुस्को किया जा रहा था।

**टाटा स्टील का पक्ष :** सुबह लगभग 8:30 बजे कदमा क्षेत्र में मिल्कीराम होटल के पास हुई, जहां टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) की टीम ने प्रस्तावित भवन निर्माण के लिए सक्षम कार्य शुरू किया था। 20.08.2005 को लीज के नवीनीकृत अनुबंध के अनुसार यह भूमि टाटा स्टील की लीजहोल्ड भूमि का हिस्सा है। प्रस्तावित भवन के निर्माण को सक्षम करने के लिए, भूमि के उक्त पार्सल के भीतर रहने वाले कर्मचारियों को वैकल्पिक आवासों में स्थानांतरित कर दिया गया और इस वर्ष से गणेश पूजा मैदान में पूजा करने के लिए पूजा समिति के साथ चर्चा की गई, जिस पर आपसी सहमति बनी। हालांकि, समिति के सदस्यों ने आज भवन निर्माण के सक्षम कार्य को बाधित कर दिया।

# रेड़वा से पुलिस ने बरामद किया दस किलो अफीम

## अफीम विक्रेता पुलिस को देखकर भागने में रहा सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सिसई पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के रेड़वा गांव निवासी विरेंद्र साहु के घर से लगभग दस किलो अफीम बरामद किया है। जिसकी कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। इस संबंध में एसपी हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि विरेंद्र साहु के खिलाफ अफीम खरीद ब्रिकी करने की सूचना मिली थी। जिसको लेकर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में एक छापमारी टीम का गठन किया गया।गठित टीम सूचना के आधार पर रेड़वा स्थित बिरेंद्र साहु के घर जांच करने पहुंची। इसी बीच एक आल्टो कार तेजी से आयी और विरेंद्र साहु के घर में घूसी। पुलिस घर को घेर कर आगे बढ़ रही थी। तभी कार से एक युवक निकला और पुलिस पर नजर पड़ते ही वह घर की दीवार फांदकर भाग निकला। पुलिस खदेडकर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर वह भाग निकला। पुलिस विरेंद्र साहु के घर का दरवाजा खटखटाया तो विरेंद्र की पत्नी घर से बाहर निकली।



जब्त अफीम के साथ एसपी, एसडीपीओ व अन्य।

जिसके बाद पुलिस ने विरेंद्र साहु के घर व कार की तलाशी ली। तलाशी के क्रम में विरेंद्र साहु के घर से 8.954 किलो ग्राम एवं अल्टो कार से 1.130किलो ग्राम अफीम प्लास्टिक के पैकेट में बरामद किया गया। विरेंद्र की पत्नी से जब्त सामग्री का कागजात मांगा गया तो उसने कहा कि कोई कागजात नहीं है। विरेंद्र उसे कार से लाते और ले जाते हैं और बेचता है।

इधर पुलिस जब्त माल को सील कर दिया और विरेंद्र साहु की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही है। छापामारी अभियान में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर श्यामानं मंडल, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, पुअनि संत कुमार मेहता, पुअनि भवेश कुमार, पुअनि अंजलि कुमारी, सअनि कृष्णा चौधरी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अवैध खनन, भंडारण के विरुद्ध चला सघन जांच अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### अब तक 36 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, ट्रक व हाईवा को जब्त किया गया, अवैध रूप से भंडारित 1,030,310 घनफीट बालू जब्त

**गुमला।** जिले में अवैध खनन, भण्डारण व परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन की टीम द्वार लगातार कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अवैध खनन आदि की रोकथाम के लिए खनन विभाग की टीम द्वारा नियमित चेकिंग व छापेमारी किए जा रहे है। साथ ही सूचना तंत्रों को मजबूत करते हुए अवैध खनन पर कड़ी नजर रखी जा रही है एवं अवैध खनन करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष 2023 के अप्रैल से अगस्त माह में 36 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, ट्रक व हाईवा को जब्त किया गया। अवैध रूप से भंडारित 1,030,310 घनफिट बालू जब्त कर 192.04 लाख रुपए की वसूली हुई। खनन विभाग के प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इस वित्तीय वर्ष 2023 में अप्रैल से अगस्त माह तक अवैध रूप से बालू लदे 36 ट्रैक्टर व हाईवा को जब्त किया गया हैं। जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के साथ साथ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। खनन विभाग द्वारा अवैध रूप से भंडारित 1,030,310 घनफिट बालू जब्त करते हुए आम नीलामी के माध्यम से 192.04 लाख रुपए की वसूली की गई है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023 अप्रैल माह से अगस्त माह के बीच अवैध रूप से पत्थर लदे 9 ट्रैक्टर, हाईवा व ट्रक को पकड़ा गया एवं एक बॉक्साइट लदे ट्रक एवं 1 ड्रिल मशीन युक्त ट्रक को भी जब्त किया गया । वहीं अवैध रूप से पत्थर खनन करने वाले संबंधित कंपनियों को फाइन हेतु राशि के लिए मांग पत्र भी भेजे गए है जिसके तहत कंपनियों द्वारा ऑनलाइन पेमेंट किया जा रहा है। इस दौरान अप्रैल से अगस्त माह के बीच अवैध खनिज के मामले पर 32 प्राथमिकी दर्ज कराई गई एवं 2 गिरफ्तारी भी हुई। सितंबर माह में 60,870 घनफिट अवैध रूप से भंडारित बालू को किया गया जब्त, भंडारण करता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सितंबर माह में अब तक बसिया थानान्तर्गत ग्राम बोंगोलोया डोंगा घाट में 57570 घनफिट बालू जब्त कर स्थानीय मुखिया को सुरक्षार्थ सौंपते हुए अज्ञात अवैध भण्डाराणकर्ता के विरूद्ध बसिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। वहीं बसिया थानान्तर्गत ग्राम निनई में अवैध रूप से बालू उत्खनन के मामले में 03 ट्रैक्टर एवं 01 जेसीबी जप्त कर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सिसई थानान्तर्गत ग्राम नागफेनी में 3200 घनफीट बालू जब्त कर अवैध भण्डाराणकर्ता के विरुद्ध सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। घाघरा थानान्तर्गत चांदनी चौक के पास 100 घनफीट अवैध रूप से बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर घाघरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

### शिव मंदिर में चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

# मुकुट बरामद, दो गिरफ्तार, 1 फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 11 सितंबर की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर जिले के सभी थाना प्रभारियों को उदभेदन करने के लिए निर्देश जारी की। एसआईटी के नेतृत्वकर्ता सुरजीत कुमार की टीम ने गुप्त सूचना पर चोरी की घटना का उदभेदन करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में एसडीपीओ कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि चोरी की घटना में संलिप्त मो सुहैल पिता मो अबरार हुसैन अंसारी ग्राम पोखराहा खुर्द थाना सदर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो उसने चोरी की घटना पर अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए पूरे घटनाक्रम बताया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सुहैल के निदशानदेही पर क्षतिग्रस्त मुकूट बिहार के सासाराम निवासी सत्यनारायण सेठ के पुत्र उपेंद्र कुमार सेठ के दुकान में छह हजार रूपये में मुकूट को बेचा गया था। इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देनेवाला मास्टर माइंड अभी फरार है। उसी के पास भगवान लड्डू गोपाल की मूर्ति है। ये लोग पेशेवर चोर हैं। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त मुकूट के अलावे चोरी की घटना में प्रयुक्त किया गया बाइक व मोबाईल बरामद किया गया है। इस छापेमारी अभियान में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार, ऋषिकेश राय, अजीत कुमार मुंडा, टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, टीओपी टू प्रभारी सुधीर कुमार, यातायात प्रभारी रामजीत सिंह, नबी अंसारी, अभिमन्यु सिंह, राकेश सिंह, रामजी रविदास, सारिक इरशाद, प्रफुल्ल कुमार सिंह व अन्य शामिल थे।

# लकड़ी जब्त करने के दौरान वनरक्षियों पर जानलेवा हमला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## दो वनरक्षी गंभीर

**डोमचांच (कोडरमा)।** लकड़ी जब्त करने गई वन विभाग की टीम पर शनिवार देर रात जानलेवा हमला हुआ। जिसमें कोडरमा वन प्रमंडल के दो वनरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबध में डोमचांच थाना में एक आवेदन ललन किशोर पिता श्याम सुन्दर मेहता वनपाल प्रभारी ने दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार रात आठ बजे गश्ती दल के साथ राजेश शर्मा पिता अभिमन्यु कुमार, चालक बंटी कुमार के साथ गश्ती वाहन लेकर बगरुजोत नईटांड़ जंगल पहुंचा। जंगल पहुंचने पर वन सीमा के अंदर एक ट्रैक्टर व उस पर लदे हरे और कच्चा लगभग 80 पीस बोटा विभिन्न प्रजाति के लदा पाया। उसके बाद जब्त की कार्रवाई करते हुए हमलोग वरीय पदाधिकारी को सूचना दिया और डोमचांच थाना से मदद करने को कहा। इसी दौरान अमृत यादव उर्फ अमरिका यादव, सूरज यादव, चंदन यादव, रामदेव यादव, दिनेश यादव व पांच से सात अज्ञात लोग ट्रैक्टर के पास पहुंचकर हमलोगों को घेर लिया और ट्रैक्टर के इंजन को ट्रॉली से अलग कर लेकर फरार हो गया। इसी बीच पुनः शशि यादव, पिकू यादव , रवि यादव, पंकज यादव, धीरु यादव, अरुण यादव सभी सिमरिया निवासी व रवि मेहता उर्फ चोर (बिगहा) व अन्य दस पंद्रह लोग हरवे हथियार कुल्हाड़ी, लाठी डंडे से लैस होकर हमलोग के पास आ गये और कहने लगे कि इन लोगों को काटकर फेंक दो। आप लोग यहां से चलें जायें और लोगों ने बात नहीं माने और हमलोगों पर हमला करने को तैयार हो गए एवं हमलोगों की बात न सुन मोबाइल छीन लिया गया, सरकारी वाहन संख्या जेएच12एफ/4508 को क्षतिग्रस्त कर जानलेवा हमला कर दिये और ललन किशोर और राजेश कुमार शर्मा माथा, हाथ, जांघ, पैर, बांह, कान आदि पर कुल्हाड़ी से मार कर जख्मी कर दिया।

# टाटा मोटर्स प्रबंधन ने दी दोहरी खुशी, अधिकतम 57,900 रु बोनस, 350 मजदूर किये गये स्थायी

### प्रबंधन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के हुआ बीच समझौता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सोमवार को टाटा मोटर्स लिमिटेड जमशेदपुर के मजदूरों को प्रबंधन और मान्यता प्राप्त टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने दोहरी खुशी दी। कंपनी प्रबंधन और यूनियन के बीच जहां 350 अस्थायी श्रमिकों के स्थायीकरण पर सहमति बनी, वहीं दूसरी ओर 5600 स्थायी मजदूरों को बोनस देने पर सहमति दी। स्थायी मजदूरों को औसतन 43450 रुपये बोनस मिलेगा जबकि अधितक बोनस राशि 57,900 रुपये है। इस सहमति पर टाटा मोटर्स प्रबंधन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के बीच कई राउंड की वार्ता के पश्चात आज समझौता हो गया। दोनों पक्षों ने समझौते पर दोपहर 12 बजे हस्ताक्षर किए। समझौते पर प्रबंधन की ओर से टाटा मोटर्स के वीपी (ऑपरेशन) विशाल बादशाह, टाटा मोटर्स, जमशेदपुर के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, एचआर हेड मोहन गड़ा, आई हेड सौमिक राय, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह ने अपनी टीम के साथ हस्ताक्षर किए। वार्षिक बोनस समझौता में औसत 43485 रुपये अधिकतम 57900 लगभग 5600 कर्मचारियों के बीच बोनस वितरित होगा। वही सुपरन्यूएशन स्कीम के तहत आने वाले 200 कर्मचारियों को उपहार स्वरूप 13,030 रुपये दिया जाएगा। इस समझौते में जो आज महत्वपूर्ण विषय रहा वह रिकॉर्ड संख्या में अस्थाई कर्मियों का स्थाईकरण होना 355 अस्थाई साथी स्थाई रूप से नौकरी में नियोजित होंगे। 350 कंपनी में कार्यरत अस्थाई काम करने वाले कर्मचारियों को स्थाई किया जाएगा वहीं टाटा मोटर्स अस्पताल में काम करने वाली पांच नर्स को स्थाई किया जाएगा।

## एक नजर में

### संदेहास्पद स्थिति में नवविवाहिता का शव बरामद

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर से पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में एक नवविवाहिता का शव बरामद किया है। मृतिका की पहचान 20 वर्षीय दुर्गा कुमारी, पिता संजय राम के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा की शादी चार माह पूर्व डोमचांच थाना क्षेत्र के महेशपुर निवासी रामचंद्र राम के बेटे मोनू राम के साथ से हुई थी। घटना को लेकर मृतिका के पिता संजय राम ने ससुराल वालों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। जिसमें पति मोनू राम सहित ससुर रामचंद्र राम, सास मंजू देवी, भैंसुर सोनू राम सहित देवर मंटु राम और भाभी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में मृतिका के परिजनों ने बताया है कि, गत चार माह पूर्व मई 2023 उसकी बेटी की शादी अपने सामर्थ के अनुसार महेशपुर के मोनू राम से हुई थी। शादी के एक माह बाद से ही मोटरसाइकिल की मांग को लेकर बराबर प्रताड़ित किया जाता रहा। परिजनों के अनुसार रविवार को उसकी बेटी रविवार की दोपहर में फोन कर यह सूचना दी थी कि ससुराल वालों ने उसे कोई दवा खिला दी है, जिससे उसके पेट मे बहुत दर्द हो रहा है। आनन-फानन में जब मृतिका के परिजन जब ससुराल महेशपुर पहुंचे तो ससुराल पक्ष के लोग फरार थे और उनकी बेटी रूम के बेड पर अचेत अवस्था में मृत पड़ी थी। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान में लगी है।

### लेवी वसूलने की नीयत से घूम रहा अपराधी गिरफ्तार

**चंदवा।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिला गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के चेटर रेलवे लाइन के समीप से एक अपराधी को लोडेड देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधियों को किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया है। जो विकास कार्य कर रहे ठेकेदार से लेवी वसूलने के फिराक में है। सूचना के आलोक में एसपी द्वारा गठित टीम ने रूद व चेटर के बीच रेल पटरी से स्थान में छापेमारी अभियान चलाया। जहां दीपक कुमार सिंह पिता स्व.मोहन सिंह (चेटर चंदवा) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। मामले में चंदवा थाना में कांड 185/23 में आर्म्स एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान इंस्पेक्टर बबलू कुमार, पुअनि कुंदन कुमार, सअनि प्रभु नारायण राम व सैट-44, 47 एवं चेतर पिकेट के जवान शामिल थे।

### प्रधानमंत्री की नीतियों और कार्यक्रमों में गरीब कल्याण एवं सेवा सर्वोपरि : जिला भाजपा

**लोहरदगा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर होटल नॉवेल्टी में विश्वकर्मा योजना की शुरूआत व प्रधानमंत्री संबोधन कार्यक्रम लाइव प्रसारण को सुना तथा दोपहर 1:00 बजे सदर अस्पताल लोहरदगा में सैकडों मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में की गई है। मौके मुख्य रूप रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री काजल प्रधान व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, उपस्थित थे।फल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री जी के नीतियों और कार्यक्रमों में गरीब कल्याण एवं सेवा सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ता जा रहा है। काजल प्रधान ने कहा कि विश्वकर्मा योजना कारीगरों को कौशल में बढ़ावा एवं उनके प्रोडक्ट्स और सर्विस को सही से पहुंचाने में मदद करेगी। इस योजना के लाभार्थी को 15,000 रुपये का टूलकिट मिलिगा। यह अंतिम व्यक्ति के उत्थान को दशार्ता है। देश के प्रधानमंत्री के द्वारा उनके जन्मदिन के अवसर पर एक बड़ी सौगात है।आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत करने के लिए बहुत बड़ा कदम है।यह सोंच हमारे प्रधानमंत्री की ही हो सकती है ।समन्वय और सर्वांगीण विकास का बड़ा उदाहरण है।

# एशिया कप : सिराज के तूफान से उड़ा लंका

एजेंसी




**कोलंबो।** छह विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज की तूफानी गेंदबाजी के दम पर रविवार को फाइनल में श्रीलंका को मात्र 50 रन पर आउट करने के बाद भारत ने 37 गेंद में लक्ष्य हासिल करके 10 विकेट से मिली जीत के साथ आठवीं बार एशिया कप अपने नाम कर लिया। सिराज ने कहर बरपाता हुआ स्पैल डालकर 7 ओवर में 21 रन देकर छह विकेट चटकाए। बारिश के अनुमान के बावजूद श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। मैच तीन बजे की बजाय बारिश के कारण 40 मिनट देरी से शुरू हुआ। श्रीलंकाई बल्लेबाजों को सिराज के रूप में एक दूसरे ही तूफान का सामना करना पड़ा। उनकी गेंदबाजी के सामने श्रीलंका की टीम 15.2 ओवर ही टिक सकी जो भारत के खिलाफ वनडे में उनका दूसरा न्यूनतम स्कोर था। सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में बांग्लादेश से हारने वाले भारत ने बिना कोई विकेट गंवाए 6.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ईशान किशन 18 गेंद में तीन चौकों के साथ 23 और शुभमन गिल 19 गेंद में छह चौकों के साथ 27 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी जबर्दस्त गेंदबाजी के दम पर एक ओवर में चार विकेट लेने वाले सिराज वनडे के इतिहास में चौथे गेंदबाज हो गए। वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से पारी के पांच विकेट लेने के श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चमिंडा वास के रिकॉर्ड (16 गेंदों में) की भी उन्होंने बराबरी की। जसप्रीत बुमराह ने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर कुसल परेरा को पवेलियन भेजा। कोलंबो की बजाय इंग्लैंड सी लग रही पिच पर सिराज को सिर्फ सही लैंग्थ से गेंदबाजी करनी थी। उन्होंने चौथे ओवर में पहली, तीसरी, चौथी और छठी गेंद पर विकेट चटकाए। पाथुम निसांका, सदीरा समरविक्रमा, चरित असलांका और धनंजय डिसिल्वा उनके शिकार बने। निसांका ने प्वाइंट पर रविंद्र जडेजा को कैच थमाया। समरविक्रमा पगबाधा आउट हुए जबकि असलांका ने फुललैंग्थ गेंद पर फुटवर्क का इस्तेमाल किए बिना कवर्स में ईशान किशन को कैच थमाया। डिसिल्वा ने सिराज की हैट्रिक नहीं होने दी लेकिन वह भी विकेट के पीछे केएल राहुल को कैच देकर अगली गेंद पर पवेलियन लौट गए। सिराज ने श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और कुसल मेंडिस के भी विकेट लिए। सिराज का स्पैल होने के बाद हार्दिक पंड्या ने भी तीन विकेट चटकाए जिसमें डुनिथ वेललेज (8) को राहुल, प्रमोद मदुशन (एक) को कोहली और मथीशा पथिराना (0) को इशान के हाथों कैच आउट करवाया।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान हो चुका है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शुरूआती दो वनडे मुकाबलों के लिए अलग टीम चुनी है, जबकि तीसरे वनडे के लिए चुनी गई टीम में उन्हीं खिलाड़ियों को मौका दिया गया है, जो विश्व कप की टीम में हैं। अश्विन तीनों वनडे मैचों के लिए टीम का हिस्सा हैं। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए वनडे विश्व कप की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम है। दोनों टीमें इस सीरीज में विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना चाहेंगी। इस सीरीज का पहला मुकाबला 22 सितंबर को मोहाली में होगा। वहीं, दूसरा मैच 24 सितंबर को इंदौर और तीसरा मैच 27 सितंबर को राजकोट में होगा। इसके बाद यही दोनों टीमें विश्व कप में भी आठ अक्तूबर को आमने-सामने होंगी। वनडे विश्व कप 2023 में भारत और ऑस्ट्रेलिया एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान पहले ही हो चुका है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में सीनियर खिलाड़ियों की वापसी हुई है। नियमति कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को चुना गया है। कमिंस, स्मिथ, स्टार्क और मैक्सवेल चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल पाए थे। 18 सदस्यीय टीम में चोटिल ट्रेविस हेड को नहीं शामिल किया गया है।

### वनडे सीरीज के लिए भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई टीम

**शुरूआती दो वनडे मैच के लिए:** लोकेश राहुल (कप्तान) शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

**आखिरी वनडे मैच के लिए:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, हार्दिक पांड्या, विराट कोहली, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल (फिट होने पर), रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिश, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

## 2-4 नहीं, बने 14 रिकॉर्ड

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप 2023 के फाइनल मुकाबले में 10 विकेट से जीत दर्ज करते हुए 8वीं बार खिताब अपने नाम किया। भारत ने टॉस हारकर पहले गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद सिराज (21/6) और हार्दिक पांड्या (3/3) की धमाकेदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका को 15.2 ओवर में 50 रन पर ढेर कर दिया। इसके बाद भारतीय ओपनरों इशान किशन (23) और शुभमन गिल (27) ने बिना विकेट गंवाए भारत को खिताबी जीत दिलाकर वापस लौटे। मैच के दौरान 2-4 नहीं बल्कि कई सारे रिकॉर्ड बने जिन पर एक नजर डाल लेते हैं-

**वनडे फाइनल में सबसे बड़ी जीत (गेंदें शेष)**

263 भारत बनाम श्रीलंका कोलंबो आरपीएस 2023 *
226 ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड सिडनी 2003
179 ऑस्ट्रेलिया बनाम पाक लॉर्ड्स 1999

**भारत की सबसे बड़ी वनडे जीत (गेंदें शेष)**

263 बनाम श्रीलंका कोलंबो आरपीएस 2023 *
231 बनाम केन ब्लोमफोन्टेन 2001
211 बनाम वेस्टइंडीज त्रिवेन्द्रम 2018
188 बनाम इंग्लैंड द ओवल 2022

**वनडे फाइनल में 10 विकेट से जीत**

197/0 भारत बनाम जिम्बाब्वे शारजाह 1998
118/0 ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड सिडनी 2003
51/0 भारत बनाम एसएल कोलंबो आरपीएस 2023 *

**सबसे कम ओवरों में ऑल आउट**

13.5 जिम्बाब्वे बनाम अफगानिस्ता हरारे 2017
15.2 श्रीलंका बनाम भारत कोलंबो आरपीएस 2023 *
15.4 जिम्बाब्वे बनाम श्रीलंका कोलंबो आरपीएस 2001
16.5 श्रीलंका बनाम पाकिस्ताम शारजाह 2002

**एशिया कप वनडे में एक पारी में सभी 10 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए**

पाक बनाम भारत पल्लेकेले 2023
भारत बनाम श्रीलंका कोलंबो आरपीएस 2023

**श्रीलंका के लिए सबसे कम वनडे स्कोर**

43 बनाम दक्षिण अफ्रीका पार्ल 2012
50 बनाम भारत कोलंबो आरपीएस 2023
55 बनाम वेस्टइंडीज शारजाह 1986
67 बनाम इंग्लैंड मैनचेस्टर 2014
73 बनाम भारत त्रिवेन्द्रम 2023

**सिराज का 6/21 वनडे में श्रीलंका के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है, जिसने 1990 में शारजाह में वकार यूनिस के 6/26 को पीछे छोड़ दिया।**

**भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ वनडे आंकड़े**

6/4 स्टुअर्ट बिन्नी बनाम बांग्लादेश मीरपुर 2014
6/12 अनिल कुंबले बनाम वेस्टइंडीज कोलकाता 1993
6/19 जसप्रीत बुमराह बनाम इंग्लैंड द ओवल 2022
6/21 मो. सिराज बनाम श्रीलंका कोलंबो आरपीएस 2023

**वनडे फाइनल में सबसे कम योग**

50 श्रीलंका बनाम भारत कोलंबो आरपीएस 2023 *
54 भारत बनाम श्रीलंका शारजाह 2000
78 श्रीलंका बनाम पाक शारजाह 2002
81 ओमान बनाम नामीबिया विंडहोक 2019

**भारत के खिलाफ सबसे कम वनडे स्कोर**

50 श्रीलंका द्वारा कोलंबो आरपीएस 2023 *
58 बांग्लादेश द्वारा मीरपुर 2014
65 जिम्बाब्वे द्वारा हरारे 2005
73 श्रीलंका द्वारा त्रिवेन्द्रम 2023

**एशिया कप वनडे में छह विकेट हॉल**

6/13 अजंता मेंडिस बनाम भारत कराची 2008
6/13 मो. सिराज बनाम श्रीलंका कोलंबो आरपीएस 2023 *

**वनडे में भारत के लिए पहले 10 ओवरों में सर्वाधिक विकेट (2002 से)**

5 मो. सिराज बनाम एसएल कोलंबो आरपीएस 2023
4 जवागल श्रीनाथ बनाम एसएल जोहान्सबर्ग 2003
4. भुवनेश्वर बनाम एसएल पोर्ट ऑफ स्पेन 2013
4 जसप्रित बुमरा बनाम इंग्लैंड द ओवल 2022
4 मोहम्मद सिराज बनाम एसएल तिरुवनंतपुरम 2023

**मोहम्मद सिराज के 50 वनडे विकेट**

सिराज ने अपने 50वें वनडे विकेट तक पहुंचने के लिए 1002 गेंदें लीं, वनडे के इतिहास में किसी भी गेंदबाज के लिए दूसरा सबसे तेज, अजंता मेंडिस की 847 गेंदों के बाद यह मील का पत्थर है।

**सभी वनडे मैचों में छठा विकेट गिरने पर सबसे कम स्कोर**

10/6 कनाडा बनाम नेट किंग सिटी 2013
12/6 कनाडा बनाम श्रीलंका पार्ल 2003
12/6 श्रीलंका बनाम भारत कोलंबो आरपीएस 2023
13/6 श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका पार्ल 2012

**वनडे फाइनल में पांचवां विकेट गिरने पर सबसे कम स्कोर**

6/5 श्रीलंका बनाम बांग्लादेश मीरपुर 2009
12/5 श्रीलंका बनाम भारत कोलंबो आरपीएस 2023
21/5 दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड जोबर्ग 2000
28/5 पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न 2000

## विश्व कप से पहले शीर्ष वनडे टीम रैंकिंग की होड़ हुई तेज

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप की शुरूआत से पहले नंबर एक वनडे टीम बनने की होड़ अगले कुछ दिनों में तेजी आयेगी। एशिया कप हालांकि समाप्त हो गया है। पाकिस्तान एशिया कप 2023 में जल्दी बाहर होने और फाइनल में श्रीलंका पर भारत की प्रचंड जीत के बावजूद नंबर 1 स्थान पर कायम है। दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला में 2-0 से आगे थी, इससे पहले मेजबान टीम ने जबरदस्त वापसी की और लगातार तीन मैच जीतकर रविवार को श्रृंखला जीत ली। आइसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फाइनल से पहले बांग्लादेश से हार से भारत की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की संभावना कम हुई और यहां तक कि श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ छह ओवर में मिली रिकॉर्ड-तोड़ जीत भी भारतीय टीम को शीर्ष पर नहीं पहुंचा सकी। भारत मौजूदा समय में दूसरी रैंकिंग पर है और यदि 22 सितंबर से शुरू होने वाली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर घरेलू मैदान पर जीत दर्ज कर लेता है तो वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की स्थिति में आ सकता है। यदि भारत आस्ट्रेलिया से पहला वनडे जीत जाता है तो वह पाकिस्तान को पछाड़कर क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नंबर एक टीम बन जाएगा। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम एशिया कप में शानदार जीत दर्ज चुकी है। मेजबान टीम अगले हफ्ते शुक्रवार तक वह मोहाली में पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराकर नंबर 1 स्थान पर पहुंचने के लिए पूरी ताकत झोंक देगी। ऑस्ट्रेलियाई कैप्टन पैट कमिंस की टीम के खिलाफ भारत की आगामी तीन मैचों की श्रृंखला यह तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है कि कौन सी टीम नंबर एक रैंकिंग के साथ विश्व कप में प्रवेश करेगी।

यदि भारत ऑस्ट्रेलिया से श्रृंखला हार जाता है, तो पाकिस्तान विश्व कप के लिए शीर्ष क्रम की टीम बनी रहेगी। इसके उलट ऑस्ट्रेलिया से 3-0 की हारता है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाएगा और ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष पर पहुंच जाएगी। दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया (मौजूदा रैंकिंग 3) अब विश्व कप की शुरूआत में नंबर एक रैंकिंग वाली टीम बनने की स्थिति में नहीं है। विश्व कप में नंबर एक टीम बनने के लिए उन्हें भारत के साथ सीरीज में उसका सुपड़साफ करना जरुरी होगा। अगर ऑस्ट्रेलिया सीरीज के पहले दो मैज जीत जीतता है तो भी उसे कम से कम अंतिम वनडे तक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे तीसरा मैच भी भारत को हराना जरुरी होगा।

### सुब्रतो कप टूर्नामेंट आज से दिल्ली में

**नयी दिल्ली।** सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूनार्मेंट का 62वां संस्करण मंगलवार से जूनियर गर्ल्स (अंडर 17) मैच से शुरू होगा। डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के बाद बेथलहम वेंगथलांग मिडिल स्कूल-2, मिजोरम और त्रिपुरा स्पोर्ट्स स्कूल, बदरघाट के बीच शाम 4.50 बजे मैच होगा। बालिका वर्ग में पहली बार जम्मू-कश्मीर का कोई स्कूल टूर्नामेंट में भाग लेगा।

### पहले स्वर्ण की तलाश में उतरेगी भारतीय बैडमिंटन टीम

**नयी दिल्ली।** चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेल 2023 में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की कोशिश भारत को बैडमिंटन में पहला स्वर्ण पदक दिलाने की होगी। एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में बैडमिंटन प्रतियोगिताएं 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बिंजियांग जिम्नेजियम में आयोजित की जाएंगी जिसकी शुरूआत टीम इवेंट के साथ होगी। एकल और युगल स्पधाएँ दो अक्टूबर से शुरू होकर सात अक्टूबर तक चलेंगी।

### एशियाई खेल युवाओं के लिए सुनहरा अवसर : इगोर

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि एशियाई खेल उनकी टीम के युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता साबित करने का मौका देंगे। भारतीय टीम रविवार को हांगझाऊ के लिये रवाना हो गयी। भारत 19 सितंबर को पहले मैच में मेजबान चीन से लोहा लेगा जबकि 21 सितंबर को उसका मुकाबला बांग्लादेश और 24 सितंबर को म्यांमार से होगा।

### इंग्लैंड की टीम में ब्रुक की वापसी



**लंदन।** इंग्लैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले 2023 क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसमें हैरी ब्रुक को जगह दी गयी है। इंग्लैंड ने पिछले महीने घोषित अपनी अनंतिम टीम में कुछ मजबूत विकल्प चुने थे, जिसमें ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की वापसी हुई थी और युवा बल्लेबाज हैरी ब्रुक और स्टार तेज जोफ्रा आर्चर गायब थे लेकिन पीठ की ऐंठन के कारण जेसन रॉय न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे, ब्रूक की वनडे टीम में वापसी हुई है।

### हॉकी रैंकिंग : भारतीय पुरुष तीसरे, महिलाएं सातवें स्थान पर

**लुसाने (स्विटजरलैंड)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की ताजा रेंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। भारत (2771) मई 2022 में शीर्ष तीन से बाहर हो गया था। भारत की रैंकिंग में सुधार पिछले महीने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत मिलने से हुआ है। भारत ने सात में से छह मैच जीते और एक ड्रॉ रहा। यूरो हॉकी फाइनल में नीदरलैंड से हारी इंग्लैंट टीम शीर्ष तीन से बाहर हो गई। नीदरलैंड (3113) शीर्ष पर है जबकि बेल्जियम (2989) दूसरे स्थान पर है। जर्मनी पांचवें और आस्ट्रेलिया छठे स्थान पर है जबकि उनके बाद अर्जेंटीना और स्पेन हैं। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया दूसरे और अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम चौथे और जर्मनी पांचवें स्थान पर है। भारत एक पायदान चढकर सातवें स्थान पर पहुंच गया है। स्पेन आठवें, न्यूजीलैंड नौवे और जापान दसवें स्थान पर है।

### वलारिवन ने शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड पर साधा निशाना

एजेंसी



**रियो दि जिनेरियो।** ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप राइफल/पिस्टल प्रतियोगिता की महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इलावेनिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ महिलाओं के बीच 24 शॉट के फाइनल में कभी भी 10.1 से कम अंक नहीं जुटाए। इलावेनिल ने 252.2 अंक के साथ फ्रांस की 20 साल की सनसनी ओसिएन म्यूलर को हराया जो 251.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। चीन की झेंग जियाले ने तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इलावेनिल ने इससे पहले 2019 में रियो में गोल्ड जीता था। इलावेनिल ने 630.5 अंक के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। म्यूलर 633.7 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहीं थी। चीन की दो निशानेबाजों झेंग जियाली और झेंग यू के अलावा नॉर्वे की यूरोपीय चैंपियन जेनेट हेग डुएस्टेड ने भी फाइनल में जगह बनाई थी। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत के संदीप सिंह क्वालीफिकेशन में 628.2 अंक के साथ 14वें स्थान पर रहे। शुक्रवार को इलावेनिल ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में संदीप के साथ मिलकर 629.91 का संयुक्त स्कोर बनाया था। इलावेनिल ने 314.8 जबकि संदीप ने 314.3 अंक जुटाए। भारतीय जोड़ी मामूली अंतर से कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा पेश करने से चूक गई। इजराइज ने अंततः कांस्य पदक जीता। जर्मनी ने स्वर्ण जबकि हंगरी ने रजत पदक जीता। भारत की 16 सदस्यीय टीम सात ओलंपिक स्पधाओं में रियो विश्व कप में हिस्सा ले रही है। इटली दो स्वर्ण के साथ शीर्ष पर चल रहा है जबकि भारत और आर्मेनिया संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

### डेविस कप : जीत के साथ रोहन बोपन्ना की विदाई, भारत 4-1 से जीता



**लखनऊ।** रोहन बोपन्ना ने रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप -2 के युगल मुकाबले में अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ मोरक्को के खिलाफ जीत दर्ज कर प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में अपने शानदार करियर को अलविदा कर दिया। वहीं सुमित नागल और दिग्विजय प्रताप सिंह ने अपने प्रतिद्वंदियों को घुटनों पर बैठा कर अपने सीनियर के विदाई टूनार्मेंट को यादगार बना दिया। भारत इसके साथ मोरक्को के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले विश्व ग्रुप एक के प्ले आफ में पहुंच गया है। विजयंतखंड स्टेडियम के हार्ड कोर्ट पर बोपन्ना और युकी भांबरी ने एकतरफा मुकाबले में मोरक्को के इलियट बेनचेट्रिट और यूनुस लालामी लारौसी की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हरा दिया जबकि शीर्ष वरीय सुमित नागल ने रिवर्स सिंगल में यासीन डिलिमी को 6-3, 6-3 से हरा कर डेविस कप ग्रुप-2 अभियान में भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया। बाद में दिग्विजय सिंह ने आहूदा वलीद को 6-1, 5-7, 10-6 से हरा कर जीत के फासले को 4-1 कर दिया। नागल ने इससे पहले शनिवार को मोरक्को के प्रतिद्वंदी एडम माउंडिर को सीधे सेटों मे हराया था हालांकि शशिकुमार मुकुंद मोरक्को के यासीन डिलिमी के खिलाफ मैराथन एकल मुकाबले में उमस से हार मान कर मुकाबले से हट गये थे जिसके चलते डिलिमी को उस मैच में जीत मिली थी।

### श्रीलंका ने एशियाई खेलों के लिए की क्रिकेट टीम की घोषणा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने हांगझाऊ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले 19वें एशियाई खेलों के लिए अपनी पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों की घोषणा कर दी है। चमारी अथापथु महिला टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि पुरुष टीम का नेतृत्व सहान अराचिगे करेंगे, जिन्होंने 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज एशेन बंडारा, जिनके नाम 10 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच हैं, पुरुष टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं।

# कई भारतीय खिलाड़ियों के लिए आखिरी होंगे हांगझोउ एशियाई खेल

### रोहन बोपन्ना



43 वर्ष के बोपन्ना ने इस साल पुरूष युगल वर्ग में विम्बलडन सेमीफाइनल और अमेरिकी ओपन फाइनल खेला। उन्होंने कल ही डेविस कप से विदा ली और हांगझोउ में पुरूष युगल एशियाई खेलों में उनकी आखिरी स्पर्धा होगी। इक्कीस साल पहले एशियाई खेलों में पदार्पण करने वाले बोपन्ना गत चैम्पियन हैं। उन्होंने 2018 में दिविज शरण के साथ खिताब जीता था। वह हांगझोउ में युकी भांबरी के साथ उतर सकते हैं।

### शरत कमल



41 वर्ष के टेबल टेनिस स्टार शरत कमल अब तक एशियाई खेलों में दो पदक जीत चुके हैं। यह उनका पांचवां और आखिरी टूनार्मेंट है। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। पुरूष टीम ने पिछली बार कांस्य पदक जीता था और इस बार भी पदक की प्रबल दावेदार है। एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा का स्तर राष्ट्रमंडल खेलों से काफी कठिन रहता है। शरत ने पिछली बार मनिका बत्रा के साथ कांस्य जीता था लेकिन इस बार मनिका एशियाई खेलों में जी साथियान के साथ उतरेगी।




### अंकिता रैना

सानिया मिर्जा के बाद एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना इस बार भी पदक की दावेदार है। वह महिला युगल और मिश्रित युगल में भी खेल सकती हैं।

### पीआर श्रीजेश



भारतीय हॉकी की दीवार श्रीजेश एक समय में एक ही टूनार्मेंट पर फोकस कर रहे हैं। यह उनके आखिरी एशियाई खेल हैं जिनमें स्वर्ण पदक जीतकर अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाइ करना भारतीय टीम का लक्ष्य है। भारत के लिए 2006 में सीनियर स्तर पर पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद वह तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। जकार्ता में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को अगर पदक का रंग बदलना है तो उसमें श्रीजेश की अहम भूमिका होगी।



### दीपिका पल्लीकल

दो बच्चों की मां दीपिका का यह चौथा और आखिरी एशियाई खेल है। वह एशियाई खेलों में दो एकल और दो टीम पदक जीत चुकी है। वह इस बार मिश्रित युगल में हरिंदर पाल संधू के साथ खेलेगी। दीपिका ने बच्चों के जन्म के बाद जोशना चिनप्पा और सौरव घोषाल के साथ दो विश्व खिताब जीते। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में भी मिश्रित युगल कांस्य जीता था।



### सीमा पूनिया

40 वर्ष की सीमा ने पिछले दो सत्रों में स्वर्ण और कांस्य पदक जीता। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में वह पदक नहीं जीत सकी थी। एशियाई खेल उनके पास पोडियम पर खड़े होने का आखिरी मौका है।



**बजरंग पूनिया :** 29 वर्ष के पहलवान पूनिया भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में प्रदर्शन की अगुवाई करने के बाद पहली बार मैट पर लौटेंगे। वह 65 किलोवर्ग में गत चैंपियन हैं। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूनिया तीसरी बार एशियाई खेलों में भाग लेंगे। वह 2014 में इंचियोन में रजत पदक जीत चुके हैं।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना से लेकर हॉकी के दिग्गज गोलकीपर पी आर श्रीजेश और महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल तक, भारत के कई धाकड़ खिलाड़ी हांगझोउ में एशियाई खेलों से विदा लेंगे। शरत और रोहन चालीस पार करने के बाद भी विश्व स्तरीय प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि 35 वर्ष के श्रीजेश अभी भी भारतीय हॉकी की दीवार हैं। अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया, स्क्वाश स्टार दीपिका पल्लीकल, टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना और चक्काफेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया के लिए भी यह आखिरी एशियाई खेल हैं। ये सभी कैरियर के आखिरी पड़ाव पर भी पदक के दावेदार हैं।

## स्पीड न्यूज

### गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मैं भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

### पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पौत्र को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के हासन संसदीय सीट से जेडीएस के लोकसभा सदस्य और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पौत्र प्रजावल रेवन्ना के चुनाव को शून्य करार देने वाले कर्नाटक हाइकोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने साफ किया कि हाइकोर्ट के आदेश पर रोक तक प्रजावल सांसद के रूप में कोई भत्ता नहीं लेंगे और लोकसभा में वोट डालने की अनुमति भी नहीं होगी।

### मराठा आरक्षण को महाराष्ट्र में युवक ने की आत्महत्या

**मुंबई।** नांदेड़ जिले में हिमायत नगर तहसील के कामारी गांव में मराठा आरक्षण के लिए एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना के विरोध में हिमायत नगर शहर बंद किया गया, लेकिन शाम को सभी दुकानें खुल गयी हैं। जानकारी के अनुसार सुदर्शन देवराय नामक युवक ने मराठा समुदाय को आरक्षण दिलाने के लिए कई आंदोलनों में भाग लिया था। सोमवार को सुदर्शन देवराय ने सरकार के नाम चिट्ठी लिखकर आत्महत्या कर ली। पत्र में लिखा है कि मराठा समाज को आरक्षण न मिलने पर वह आत्महत्या कर रहा है।

### एयर शो में टकराये दो विमान, दोनों पायलटों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नेवादा प्रांत के रेनो शहर में आयोजित एक एयर शो में दो विमान आपस में टकरा गये। इस टक्कर में दोनों विमानों के पायलटों की मौत हो गयी।

### केरल समेत नौ राज्यों में निपाह वायरस का खतरा

**नयी दिल्ली।** केरल में पिछले 24 घंटों में निपाह से संक्रमित कोई मामला सामने नहीं आया है। इससे संक्रमित नौ साल के बच्चा वेंटिलेटर से बाहर आ गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक बच्चे की सेहत में अब सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस निपाह वायरस का खतरा केरल समेत देश के नौ राज्यों में है। इस पर आइसीएमआर और डब्ल्यूएचओ द्वारा किये अध्ययन में यह बात सामने आयी है।

## संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को किया संबोधित, कहा

# जी-20 के सफल आयोजन से भारत का दुनिया में बढ़ा कद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने जी-20 के सफल आयोजन के लिए देशवासियों को बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि इससे भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है। इस शिखर सम्मेलन के परिणाम परिवर्तनकारी हैं और आने वाले दशकों में वैश्विक व्यवस्था को नया आकार देने में योगदान देंगे।

धनखड़ ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान नयी दिल्ली के राजघाट पर विश्व नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। यह एक अद्भुत दृश्य था। दुनिया के नेता शांति और अहिंसा के सार्वभौमिक आदर्शों का समर्थन करने वहां पहुंचे थे।

धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 समिट के दौरान अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में सुधारों को लेकर आवाज उठायी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को बदलते समय के अनुरूप ढालने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सुधार, डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना और हरित विकास समझौते को बढ़ावा देने की बात की।



### भारत में लोकतंत्र दिनोंदिन मजबूत हो रहा है : गोयल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में लोकतंत्र दिनों दिन मजबूत हो रहा है। इसे मजबूत बनाने में संसद के दोनों सदनों का अहम योगदान है। गोयल ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में '75 वर्ष की संसदीय यात्रा' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। यहां वैदिक काल में भी समिति, सभा और संसद जैसे शब्द मिलते हैं। इससे पता चलता है कि हमारी जड़ों में लोकतंत्र है। गोयल ने कहा कि देश के 75 वर्षों के संसदीय इतिहास में विभिन्न नेताओं ने योगदान दिया है। राज्यसभा कई ऐतिहासिक फैसलों का साक्षी रहा है। इसी सदन से संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। सदन में तीन तलाक और जीएसटी जैसे कानूनों पर चर्चा हुई और कानून बने।

धनखड़ ने कहा कि जी-20 के दौरान ऊजार्वान, वैश्विक अर्थव्यवस्था, विस्तारित पर्यटन, वैश्विक कार्यक्षेत्र, बाजरा उत्पादन और खपत के माध्यम से मजबूत खाद्य सुरक्षा, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का मानचित्रण, एमएसएमइ के लिए समर्थन और जैव ईंधन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पर सम्मेलन का विशेष ध्यान रहा। जी-20 में भारत ने हमेशा 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को आगे रखा, जिसको दुनिया के देशों ने स्वीकार भी किया।

### लोकसभा ने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर दी बधाई

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की सफलता ने प्रत्येक भारतीय को गर्व से भर दिया है। संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए जी20 शिखर सम्मेलन की भारत की मेजबानी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सदन सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए देश को बधाई देता है। उन्होंने कहा, इस आयोजन की सफलता ने प्रत्येक भारतीय को गर्व से भर दिया है। देश की नेतृत्व क्षमता को वैश्विक स्तर पर नया आयाम मिला है। जी20 को आम जनों का आयोजन बनाने की प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की मैं सराहना करता हूं। अध्यक्ष ने कहा कि देश के 60 शहरों में जी20 की 200 से अधिक बैठकें हुईं, जो अभूतपूर्व है।

## बड़े फैसलों की गवाह रही है संसद : खड़गे

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारी संसद विगत 75 वर्षों में जो देश में बड़े फैसले हुए हैं, उसकी गवाह रही है। खड़गे ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में '75 वर्ष की संसदीय यात्रा' विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी संसदीय व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बाबा साहेब, पंडित नेहरू और सरदार पटेल सहित अन्य महापुरुषों ने अहम भूमिका निभायी है। हमें उनके योगदान को हमेशा याद रखना होगा। इन महापुरुषों ने हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया है।

खड़गे ने अपने शुरुआती संबोधन में सभापति से अनुरोध किया कि आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा को सदन में वापस बुला लें। खड़गे ने कहा कि आज हम अहम विषय पर चर्चा कर रहे हैं, इसलिए उन्हें भी अपनी बात रखने का मौका दें।

खड़गे ने अपने भाषण की शुरुआत में केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'बदलना है तो अब हालात बदलो, ऐसे नाम बदलने से क्या होता है?, देना है तो युवाओं को रोजगार दो, सबको बेरोजगार करके क्या होता है?, दिल को थोड़ा बड़ा करके देखो, लोगों को मारने से क्या होता है?, कुछ कर नहीं सकते, तो कुर्सी छोड़ दो, बात-बात पर डराने से क्या होता है?, अपनी हुक्मरानी पर तुम्हें गुरूर है, लोगों को डराने-धमकाने से क्या होता है?' खड़गे ने कहा कि नेहरू ने कहा था कि देश में मजबूत विपक्ष का होना बहुत जरूरी है। लेकिन, वर्तमान सरकार लगातार विपक्ष को कमजोर कर रही है।



### अधीर रंजन के भाषण पर सोनिया गांधी बोलीं- 'वेरी गुड'

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद विपक्ष की तरफ से बोलते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को मॉडर्न इंडिया का आर्किटेक्ट बताया। कहा कि उन्होंने एक कठिन समय में देश की बागडोर संभाली थी। चौधरी ने 14-15 अगस्त, 1947 को आधी रात में संविधान सभा में जवाहर लाल नेहरू द्वारा दिये गये ऐतिहासिक भाषण 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' को याद करते हुए कहा कि जवाहर लाल नेहरू के साथ ही उस समय संविधान सभा के हर सदस्य ने यह शपथ ली थी कि सब मिलकर देश को आगे बढ़ायेंगे। अधीर रंजन चौधरी के भाषण के दौरान सोनिया गांधी लगातार उन्हें गाइड करती रहीं। बाद में सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी के भाषण की तारीफ करते हुए उन्हें 'वेरी गुड' भी कहा।

## आइएमएफ से राहत पाने को पाक ने यूक्रेन को अमेरिका से समझौता कर दिये हथियार!

**वाशिंगटन/इस्लामाबाद (हि.स.)।** भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से राहत पाने के लिए अमेरिका से गुप्त समझौता किया था। एक अमेरिकी रिपोर्ट में इस दावे के साथ कहा गया है कि इस समझौते पर अमल करते हुए पाकिस्तान ने यूक्रेन को लड़ाई के लिए हथियार दिये थे।

पाकिस्तान को गंभीर आर्थिक संकट के दौर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मदद के लिए अत्यधिक प्रयास करने पड़े थे। अब एक अमेरिकी रिपोर्ट ने जानकारी दी है कि अमेरिका ने गुप्त हथियारों की खरीद के बदले इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से तीन अरब डालर का राहत पैकेज संबंधी समझौता कराया था। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह सौदा यूक्रेन की सेना को हथियारों की आपूर्ति के मकसद से जुड़ा था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान को अमेरिका के दबाव में झुककर यूक्रेनी सेना को हथियारों की आपूर्ति की गयी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से मिले राहत पैकेज में कई कठोर शर्तें भी रखी गयी हैं।

दरअसल, आर्थिक संकट और आइएमएफ की कठोर शर्तों की वजह से पाकिस्तान में कई हड़तालें हुईं। इस कारण हुए विरोध प्रदर्शनों से डेढ़ साल से पाकिस्तान में राजनीतिक संकट भी चल रहा है।

## आदित्य एल-1 ने डाटा एकत्र करना शुरू किया

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सूर्य के अध्ययन के लिए लांच किये गये आदित्य एल-1 ने वैज्ञानिक डाटा भेजना शुरू कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को बताया कि आदित्य एल-1 ने वैज्ञानिक डाटा एकत्र करना शुरू कर दिया है। अंतरिक्ष यान में लगे एसटीइपीएस उपकरण के सेंसर ने पृथ्वी से 50,000 किमी से अधिक दूरी पर सुपर-थर्मल और ऊजार्वान आयन और इलेक्ट्रॉन को मापना शुरू कर दिया है।

इसरो के मुताबिक यह डाटा वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद करता है। यह आंकड़ा ऊजार्वान कण वातावरण में भिन्नता को प्रदर्शित करता है, जो भेजे गये उपकरणों की किसी एक इकाई द्वारा एकत्र किया गया है। उल्लेखनीय है कि आदित्य एल-1 का अगला पड़ाव सूर्य और पृथ्वी के बीच एल-1 प्वाइंट पर स्थापित होने का है। 19 सितंबर को अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा को छोड़ कर एल-1 प्वाइंट की तरफ अग्रसर होगा।



## सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.29 फीसदी बढ़कर 9.87 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अबतक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.29 फीसदी बढ़कर 9.87 लाख करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.34 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 16 सितंबर तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.29 फीसदी उछलकर 9.87 लाख करोड़ रुपये रहा है। मंत्रालय के मुताबिक 1,21,944 करोड़ रुपये रिफंड जारी करने के बाद शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 23.51 फीसदी

### शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक

**नयी दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही पिछले 11 कारोबारी दिन से घरेलू शेयर बाजार में चला आ रहा तेजी का सिलसिला भी थम गया। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में खरीदारों ने लिवाली करके बाजार को सपोर्ट करने की कोशिश भी की, लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने गोता लगा दिया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0 .36 प्रतिशत और निफ्टी 0 .29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

# चीन के 103 लड़ाकू विमानों ने ताइवान की तरफ भरी उड़ान

**ताइपे (हि.स.)।** ताइवान ने सोमवार को दावा किया है कि पिछले 24 घंटे के भीतर चीन के 103 लड़ाकू विमानों ने उसकी तरफ उड़ान भरी। चीन की इस हरकत से तनाव काफी बढ़ रहा है।

ताइवान रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सोमवार सुबह तक 24 घंटे की अवधि में 103 चीनी लड़ाकू विमानों के द्वीप की तरफ उड़ान भरने का पता लगाया गया। हाल के वर्षों में चीन द्वारा ताइवान की तरफ भेजे जाने वाले लड़ाकू विमानों की यह सबसे बड़ी संख्या है।

मंत्रालय के मुताबिक, ताइवान की तरफ उड़ान भरने वाले चीनी विमान पहले की तरह ताइवान पहुंचने से पहले वापस हो गये। गौरतलब है कि ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसपर चीन दावा करता है। चीन ने ताइवान के आसपास हवा और पानी में बड़े स्तर पर सैन्य अभ्यास किये हैं।

### तनाव के बीच अमेरिकी एनएसए और चीन के विदेश मंत्री के बीच माल्टा में मुलाकात

**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिका और चीन के बीच लगातार बढ़ती तल्खी और टकराव के बीच दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच मुलाकात हुई। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच द्वीप राष्ट्र माल्टा में यह मुलाकात हुई है। पिछले दो दिनों में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच करीब 12 घंटे की लंबी बातचीत हुई। इसे लेकर रविवार को व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इसका उद्देश्य तनावपूर्ण संबंधों के समय पूरी जिम्मेदारी से रिश्ते को बचाये रखा था। बयान में कहा गया कि जैक सुलिवन और वांग यी के बीच स्पष्ट, ठोस और रचनात्मक बातचीत हुई। सुलिवन और वांग यी इससे पहले मई माह में बातचीत के लिए वियना में मिले थे। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने हाल ही में भारत में जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से भी बातचीत की और इस बातचीत को लेकर बाइडेन ने कहा था कि स्थिरता के बारे में की गयी इस बातचीत में कहीं टकराव पूर्ण बात नहीं हुई।

### एलआइसी एजेंटों व कर्मियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दे दी है। इन कल्याणकारी उपायों की घोषणा से 13 लाख से ज्यादा एजेंट और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि एलआइसी एजेंटों और कर्मचारियों के लाभ के लिए कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दे दी गयी है। मंत्रालय की ओर से जारी ये कल्याणकारी उपाय एलआइसी (एजेंट) विनियम, 2017 में संशोधन, ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि और पारिवारिक पेंशन की समान दर सहित अन्य से संबंधित हैं।

### दो सौ से ज्यादा मुफ्तियों का फैसला

## सोशल मीडिया पर नाच-गाने से की गयी कमाई नाजायज और हराम

**नयी दिल्ली/दिनाजपुर (हि.स.)।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से नाच-गाना और बिना जरूरत खींची गयी तस्वीरों आदि से की गयी कमाई को देशभर के दो सौ से अधिक मुफ्तियों ने नाजायज और हराम करार दे दिया है। जमीयत-उलेमा-हिंद के अंतर्गत काम करने वाले इदारा अल-मुबाहिस अल-फिकहिया के पश्चिम बंगाल के दिनाजपुर में आयोजित 18वें फिकही सम्मेलन में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया। भारतीय मुसलमानों की जीवनशैली पर इस्लामी शरीयत की रौशनी में मार्गदर्शन करने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नोमानी, जमीयत उलमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी सहित बड़ी संख्या में मुफ्तियों और मुस्लिम विद्वानों ने भाग लिया है। सम्मेलन में नाच गाना और अनावश्यक रूप से तस्वीर आदि के जरिये आमदनी करने के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त की गयी है।

बैठक में इस बात पर दुख व्यक्त किया गया है कि आज कल हमारे समाज में विशेष तौर से युवा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर नाच गाने और इसी से मिलते जुलते वीडियो, फोटो आदि पोस्ट करके कमाई कर रहे हैं। यह पूरी तरह से नाजायज और हराम है। हमें इस तरह के कामों से बचना चाहिए।


**Ph.D. AWARDED**



By Order of the vice-chancellor, Radha Govind University Ramgarh, Jharkhand,Mrs. Seema Sinha (UGC-NET),D/o-Sri. Late Sarbdeo Sinha and Smt. Devpati Devi , Kanke Road Ranchi,Jharkhand 834008 is declared to have passed the Doctor of Philosophy (Ph.D) examination in Education, Faculty of Education,held in the month of May 2023 on the topic " माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर उनके पारिवारिक वातावरण एवं विद्यालयी वातावरण के प्रभाव का अध्ययन"( रांची जिला के कांके प्रखण्ड के विशेष संदर्भ में ) Under the Super vision and Guidance of Dr.Sushil Pandey Assistant professor, Department of Education, Radha Govind university Ramgarh, Jharkhand.


# हटिया रेलवे स्टेशन पूजा समिति : पहाड़ों में दिखेंगी मां दुर्गा

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति इस बार काल्पनिक मंदिर बना रहा है। इस वर्ष भव्य पहाड़ के थीम में बाहर माता नवदुर्गा का रूप और अंदर गुफा थीम में विष्णु भगवान के दस अवतार को दशार्या जायेगा। पंडाल के लिए कपड़ों की जगह चट और प्लाई की बारीकी से कटिंग कर के घोष टेंट एंड इवेंट्स कचहरी के श्रवण कुमार एवं गोविंद घोष की टीम द्वारा पूरे थीम को स्वरूप दिया जा रहा है।

पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत सज्जा की तैयारी की जा रही है। इस बार पांडाल की ऊंचाई 70 फीट, चौड़ाई 80 फीट और लंबाई 40 फीट होगी।

पूजा समिति के सचिव इंद्रजीत ने बताया कि इस बार मां दुर्गा की पूजा का 59वां वर्ष है। इस बार मां दुर्गा की मूर्ति 13 फीट की होगी। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल में मां भागवती की 9 दिनों तक रीति रिवाज के साथ पूजा होती है। देवी दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण स्थानीय कलाकार कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि षष्टी के दिन पूजा पंडाल का उद्घाटन किया जायेगा। इस मौके पर बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। नवमी के दिन भोग का वितरण किया जायेगा। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत सज्जा की जायेगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 12 लाख रुपये रखा गया है।



### सफाई के लिए डीआरएम से किया है अनुरोध : इंद्रजीत



पूजा समिति के सचिव इंद्रजीत ने कहा कि जिस स्थान पर पूजा होती है, वह जमीन रेलवे की है। इसलिए हम लोगों ने डीआरएम से निवेदन किया है कि पूजा पंडाल के आसपास अगर सफाई हो जाती, तो आने वाले भक्तों को कष्ट नहीं होता।

### अनुराग कश्यप ने कंगना को बताया बेहतरीन अभिनेत्री



**मुंबई।** अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर एक बयान दिया है। उन्होंने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में वह बेहतरीन हैं, लेकिन उनकी अन्य समस्याएं भी हैं। हाल ही में अनुराग कश्यप और एक्टर जीशान अय्यूब ने एक साथ एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में जब जीशान ने कंगना को लेकर बयान दिया, तो अनुराग ने उन्हें टोकते हुए कंगना के बारे में अपनी राय रखी। जीशान ने इंटरव्यू के दौरान कहा, एक समय था जब कंगना ने एक एक्ट्रेस के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया था। जैसे ही उन्होंने यह कहा, अनुराग ने उन्हें टोकते हुए कहा, वह एक महान अभिनेत्री हैं। वह काम के प्रति बहुत ईमानदार हैं।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !